आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त


नये जमाने के साथ

# यश भारत

● वर्ष- 16 अंक 155- ● जबलपुर ● बुधवार, 6 जुलाई, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष-7 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935



जबलपुर में 90 वर्षीय बालकृष्ण ने उत्साह से मतदान किया



राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तन्खा ने जबलपुर में डाला वोट



महिलाओं की लंबी कतारें



राज्य निर्वाचन आयुक्त बसंत प्रताप सिंह ने भोपाल में मतदान किया।



उज्जैन में रमेश शर्मा भी मतदान करने पहुंचे। 1995 में विद्युत मंडल में काम करते वक्त लाइन में चपेट में आ गए थे। उनके दोनों हाथ काटना पड़े थे।



केन्द्रों में उमड़ पड़े मतदाता

## लोकतंत्र का उत्सव


# लड़खड़ाते कदमों ने भी भरा उत्साह का रंग

## 11 महापौर, 2808 पार्षद चुनने के लिए दोपहर तक 30 से 40 फीसदी मतदान

**भोपाल,यशभारत।** मध्यप्रदेश में नगर सरकार चुने जाने के लिए आज पहले चरण में 11 निगमों में मतदान हो रहा है। 11 महापौर और 2808 पार्षद चुनने के लिए समाचार लिखे जाने तक 30 से 40 प्रतिशत वोटिंग हो चुकी है। आज जहां मतदान हो रहा है इनमें भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, खंडवा, बुरहानपुर, जबलपुर, छिंदवाड़ा, उज्जैन, सागर, सिंगरौली और सतना शामिल हैं। लोकतंत्र के उत्सव में गणतंत्र रंगता नजर आया। लड़खड़ाते कदमों ने भी इस उत्सव में उत्साह का रंग भरा। मतदान केंद्रों पर बुजुर्गों संग युवाओं की लंबी कतारें लगी। रंग बिरंगे परिधानों में मतदाता लोकतंत्र के उत्सव में मतदान के माध्यम से त्योहार मना रहे हैं। 11 नगर निगम, 36 नगर पालिका और 86 नगर परिषद में मतदान सुबह 7 बजे से शुरू हुआ जो शाम 5 बजे तक चलेगा।कुल 133 नगरीय निकायों के लिए 13,148 पोलिंग बूथ पर वोट डाले जा रहे हैं। नतीजे 17 जुलाई को आएंगे। 11 नगर निगम के लिए महापौर पद के लिए 101 उम्मीदवार मैदान में हैं। वहीं, तीनों निकाय के लिए पार्षद के लिए 2850 पद हैं। वास्तविक रूप से 2808 पदों के लिए वोटिंग होगी। इनके लिए 11,250 उम्मीदवार मैदान में हैं। सुबह पहले दो घंटों में बेहद कम वोट पड़े। फिर मतदान तेज हुआ। जबरदस्त उत्साह के साथ उज्जैन में नगर सरकार चुनने को सुबह 7 से मतदान जारी है। इलेक्ट्रिक वोटिंग मशीन से अपना महापौर और पार्षद चुनने को सभी 568 मतदान केंद्रों पर शुरुआती दो घंटे में 10.74 फीसद मतदान हुआ। 4,61,103 मतदाताओं में से 49481 मतदाताओं ने सुबह 9 बजे तक मतदान किया था। उसके बाद मतदान केन्द्रों में भीड़ बढ़ने लगी। जबलपुर, सतना और सिंगरौली नगर निगम के लिए मतदान बुधवार सुबह शुरू हुआ। इसके अलावा उमरिया नगर पालिका, चंदिया और नौरोजाबाद नगर परिषद, बालाघाट जिले की वारासिवनी नगर पालिका, सिवनी नगर पालिका और बरघाट नगर परिषद, दमोह नगर पालिका परिषद के साथ हिंडोरिया व पथरिया नगर पंचायत नरसिंहपुर जिले के आठ नगरीय निकाय व अनूपपुर जिले की अमरकंटक नगर पंचायत, कटनी जिले की विजयराघवगढ़ व कैमोर नगर परिषद में भी मतदान किया जा रहा है। बालाघाट के वारासिवनी में दोपहर 1 बजे तक हुआ 35 प्रतिशत मतदान हुआथा। सिवनी में सुबह रिमझिम बारिश के चलते पहले 2 घंटे में काफी कम मतदान हुआ। बारिश थमने के बाद बढ़ने लगी मतदान केंद्रों में मतदाताओं की भीड़। वही बरघाट नगर परिषद में 18 प्रतिशत से ज्यादा मतदान पहले 2 घंटों में हो गया है। नरसिंहपुर जिले में समाचार लिखे जाने तक तक 35 प्रतिशत मतदान हुआ था सभी केंद्रों पर भीड़ देखी जा रही है। जिले के 8 नगरीय निकायों के 142 वार्डों के लिए बने 253 मतदान केंद्रों पर मतदान करने के लिए मतदाता उत्साह से पहुंच रहे हैं। प्रशासन की चाक-चौकस व्यवस्थाओं के बीच मतदान सुचारू चल रहा है। सतना जिले में प्रात:11 बजे तक 20 फीसदी औसत मतदान हुआ था। रीवा जिले की हनुमना, मऊगंज और नईगढ़ी नगर परिषद, सतना जिले के चित्रकूट, उचेहरा, जैतवारा, कोठी, बिरसिंहपुर नगर परिषद में मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जबलपुर में नगरीय निकाय चुनाव में वोट डालने बुजुर्गों और युवाओं में भी उत्साह दिखाई दिया। भाजपा महपौर प्रत्याशी डॉक्टर जितेंद्र जामदार और कांग्रेस के जगत बहादुर अन्नू ने सुबह अपनी पत्नियों के साथ वोट डाला। नगरीय निकाय चुनाव के प्रथम चरण में जिले के पांच नगरीय निकायों में वोट डाले जा रहे हैं। प्रथम चरण में पहले चरण में नगर निगम जबलपुर, नगर पालिका सीहोरा व पनागर, नगर परिषद बरेला व भेड़ाघाट में मतदान चल रहा है ।



जबलपुर में भाजपा महापौर प्रत्याशी डॉ. जितेन्द्र जामदार ने सपत्नीक मतदान किया



जबलपुर सांसद राकेश सिंह ने भी किया मताधिकार का प्रयोग



जबलपुर में कांग्रेस के महापौर प्रत्याशी जगत बहादुर सिंह अन्नू ने परिवार सहित वोट डाला



राज्यसभा सांसद सुमित्रा बाल्मिक



पूर्व महापौर प्रभात साहू

## दमोह के पोलिंग बूथ पर 90 साल की महिला की मौत



दमोह में मतदान केंद्र पर पहुंचीं 90 साल की बुजुर्ग की मौत हो गई। शहर के वार्ड 4 में रहने वाली कमल रानी सुबह 9 बजे मतदान केंद्र नॉरबिट स्कूल में मतदान करने के लिए पहुंची थी। ईवीएम के नजदीक पहुंचते ही बटन दबाने से पहले उन्हें चक्कर आ गया और बेहोश होकर जमीन पर गिर गई। जिला अस्पताल में डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## लंदन से आकर स्मृति निरालिया ने डाला वोट



मतदान कितना आवश्यक है यह बात लंदन से जबलपुर शहर पहुंची स्मृति निरालिया (25) ने साबित कर दी है। स्मृति ईस्ट लंदन में ऑडिटर की नौकरी कर रही है, जो खास तौर पर मतदान करने के लिए जबलपुर आई हुई है। स्मृति ने बताया कि उसने पहली बार वोट डाला है। इसके पहले पढ़ाई के कारण वे बाहर थी और वोट नहीं डाल पाई, लेकिन इस बार नौकरी से छुट्टी लेकर शहर पहुंची और सुभद्रा कुमारी चौहान वार्ड नंबर 32 के होम साइंस कॉलेज पोलिंग बूथ में अपना मतदान किया।

### ग्वालियर वार्ड 3 में पूर्व पार्षद से मारपीट

ग्वालियर में नगरीय निकाय चुनाव में मतदान शुरू हुए तीन घंटे हो चुके हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि सुबह 9 बजे तक केवल 9 फीसद मतदान हुआ है। मतदाताओं के मूड ने राजनीतिक दलों की परेशानी को बढ़ा दिया है। उधर ग्वालियर विधानसभा क्षेत्र में वार्ड क्रमांक तीन पूर्व पार्षद शिवदयाल छैया के साथ कुछ लोगों द्वारा मारपीट किए जाने की खबर है। इसके बाद बहोड़ापुर थाने पर पूर्व पार्षद एवं उनके समर्थक पहुंच गए हैं। खबर लिखे जाने तक हंगामा जारी था। इस दौरान जीवाजीगंज स्थित मतदान केंद्र पर भी भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच तनाव की स्थिति बन गई, हालांकि पुलिस बल ने भीड़ को खदेड़ दिया।



# मुसीबत वाली बारिश से हाहाकार

## कुल्लू के मणिकर्ण में फटा बादल, चार लोग लापता

**नई दिल्ली/मुंबई,एजेंसी।** दक्षिण-पश्चिम मानसून पूरे देश में छा गया है। अगले चार दिन ज्यादातर हिस्सों में भारी बारिश का अनुमान है। दिल्ली, मुंबई, राजस्थान, मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, केरल में गरज-चमक के साथ बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने दिल्ली में बुधवार के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, मुंबई और आसपास के इलाकों में सोमवार से ही जोरदार बारिश हो रही है। इसी बीचहिमाचल प्रदेश में बारिश ने तबाही मचा रखी है। कुल्लू जिले के मणिकर्ण में बादल फटने से भारी नुकसान हुआ है। स्थानीय छलाल पंचायत के प्रधान चुनी लाल के मुताबिक बादल फटने से चोज में एक होमस्टे, कैंपिंग साइट और एक पैदल पुल बाढ़ की चपेट में आने से बह गया है। हादसे में चार लोग भी बह गए हैं। सभी लोग कामगार बताए जा रहे हैं। वहीं, किन्नौर जिले में भूस्खलन होने की वजह से एनएच-5 बंद हो गया है। फिलहाल हाईवे को खोलने के लिए टीम लगी हुई है।



### मुंबई में हाई टाइड का अलर्ट

पूर्वी मुंबई में 58.6 मिमी, पश्चिमी हिस्से में 78.69 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। अगले 48 घंटों के लिए मध्यम से भारी बारिश का अनुमान है। कई जगह पानी भर जाने से यातायात प्रभावित हुआ है। कुछ इलाकों में बस और लोकल ट्रेनें प्रभावित हुई हैं। मंगलवार को समुद्र में ऊंची लहरें उठी। 4 से 6 मीटर ऊंची हाई टाइड का अलर्ट जारी किया गया है। बृहन्मुंबई नगर निगम ने लोगों को समुद्र तट से दूर रहने को कहा है।

### राऊ के नाले में युवक बहा

मध्यप्रदेश में मानसून एक्टिव होने के बाद से हो रही बारिश से छोटी नदियां और नाले उफान पर हैं। इंदौर में । करीब तीन घंटे में 3.6 इंच बारिश दर्ज की गई। इससे सड़कों पर पानी भर गया। राऊ में एक लड़का पैर फिसलने से उफनते नाले में गिर गया। उसकी तलाश जारी है।

# जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों को दोहरी कामयाबी

## बारामूला हाइवे पर IED डिफ्यूज किया, कुलगाम में माता-पिता की अपील पर 2 आतंकियों का सरेंडर

**श्रीनगर,एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर में आज सुरक्षाबलों को एक ही दिन में दो बड़ी कामयाबी मिली है। जहां श्रीनगर बारामूला हाइवे पर IED डिफ्यूज कर दिया गया। वहीं, कुलगाम में दो आतंकियों ने अपने माता-पिता के कहने पर सरेंडर कर दिया। आतंकी सरेंडर करके जैसे ही बाहर आए, पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। बारामूला हाइवे पर मिले ढ्ढश्वष्ठ को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि सुरक्षाबलों में से आर्मी की राष्ट्रीय रायफल्स की 29वीं बटालियन ने सड़क किनारे रखे ढ्ढश्वष्ठ को डिटेक्ट किया। इसके बाद बॉम्ब डिस्पोजल स्क्वॉड ने इसे डिफ्यूज किया। इस दौरान हाईवे का ट्रैफिक रोका गया था, जिसे फिर से खोल दिया गया है।दूसरी तरफ सुरक्षाबलों को जैसे ही हादीगाम इलाके में आतंकियों से छिपे होने की खबर मिली, उन्हें पूरे इलाके के घेर लिया। इसके बाद दोनों तरफ एनकाउंटर शुरू हो गया। इनके बारे में जब डिटेल खंगाली गई तो पता चला कि ये दोनों इसी इलाके के रहने वाले हैं। इसके बार लगातार इसने सरेंडर करने को कहा गया, लेकिन इन्हें कोई जवाब नहीं दिया।फिर मौका पाकर इन दोनों के माता-पिता को बुलाया गया। माता-पिता की अपील पर इन्हें आत्मसमर्पण कर दिया। इन दोनों से पास से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। एक सीनियर पुलिस अधिकारी ने इसे बड़ी कामयाबी बताते हुए कहा कि इससे पता चलता है कि हथियार उठाने वाले युवा मुख्यधारा में वापस आ सकते हैं। कश्मीर जोन पुलिस सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इस बारे में जानकारी दी।



# दो मंत्रियों के इस्तीफे से ब्रिटेन में सियासी संकट

**लंदन,एजेंसी।** ब्रिटेन में बोरिस जॉनसन सरकार के दो मंत्रियों के अचानक इस्तीफा देने से सियासी संकट बढ़ गया है। वित्त मंत्री ऋषि सुनक और स्वास्थ्य सचिव साजिद जाविद ने मंगलवार देर रात इस्तीफा दे दिया। इसके बाद पहले से ही विवादों में घिरे ब्रिटिश पीएम की मुश्किलें और बढ़ेंगी। उन पर भी पद छोड़ने का दबाव बढ़ गया है। दोनों मंत्रियों के हटने के बाद जॉनसन ने नादिम जाहवी को नया वित्त मंत्री नियुक्त किया है। वहीं, ब्रिटिश कैबिनेट के चीफ ऑफ स्टाफ स्टीव बार्सले को स्वास्थ्य सचिव की जिम्मेदारी दी है। सुनक ने पीएम को एक लेटर भी लिखा। कहा कि वह सरकार छोड़ने से दुखी हैं, लेकिन वह मंत्री पद पर इस तरीके से काम नहीं कर सकते। वहीं, जाविद ने लगातार हो रहे घोटालों के बाद जॉनसन की शासन करने की क्षमता पर सवाल उठाए। जॉनसन पर सांसद क्रिस पिंचर को डिप्टी चीफ व्हिप नियुक्त करने को लेकर भी आरोप लग रहे हैं। पिंचर ने सेक्शुअल मिसकंडक्ट की शिकायतों के बाद गुरुवार को इस्तीफा दिया था।जॉनसन ने मंगलवार को माना कि पिंचर को सरकार में शामिल करने का उनका फैसला गलत था।

**ऋषि और साजिद का इस्तीफा, पीएमजॉनसन पर भी पद छोड़ने का दबाव बढ़ा**



## अजमेर दरगाह का खादिम गिरफ्तार

**नई दिल्ली,एजेंसी।** नूपुर शर्मा के सिर कलम करने वाले को मकान देने का ऐलान करने वाली अजमेर दरगाह के खादिम सलमान चिश्ती को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया गया है। अजमेर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने कहा कि हमें सूचना मिली थी कि दरगाह के खादिम सलमान चिश्ती द्वारा भ्रामक और आपत्तिजनक वीडियो डाला गया है, जिसके बाद मामले में स्नढ्ढक्र दर्ज़ कर सलमान चिश्ती को उनके घर से पकड़ा है। उनसे पूछताछ जारी है। उन्होंने नूपुर शर्मा के संबंध पर कुछ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। वीडियो में जैसा प्रतीत हो रहा है, उससे लग रहा है कि उन्होंने कुछ नशा किया था।

# महंगाई की तगड़ी मार, घरेलू सिलेंडर 50 रुपये महंगा

**नई दिल्ली,एजेंसी।** महंगाई की मार झेल रहे आम लोगों को आज सुबह एक और बड़ा झटका लगा है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने घरेलू गैस सिलेंडर में 50 रुपये का इजाफा किया है। इस बढ़ोतरी के बाद दिल्ली में 14.2 किलो वाला सिलेंडर 1053 रुपये का हो गया है। पांच किलो वाले छोटू सिलेंडर की कीमत में भी 18 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। लेकिन 19 किलो वाले कमर्शियल सिलेंडर की कीमत में 8.50 रुपये की कमी की गई है। नए दाम आज से ही प्रभावी हो गए हैं। आपको बता दें कि अभी कुछ दिनों पहले ही तेल वितरण कंपनियों की ओर से कमर्शियल सिलेंडरों की कीमतों में इजाफा किया गया था। अब बुधवार की सुबह को घरेलू सिलेंडरों की कीमतों में भी बढ़ोतरी कर दी गई है। गौरतलब है कि पहली बार घरेलू सिलेंडर के दाम में बढ़ोतरी की गई है जबकि कमर्शियल सिलेंडर के दाम घटे हैं। बुधवार को कमर्शियल सिलेंडर की कीमत में 9 रुपये की कटौती की गई है। दिल्ली में एक 19 किलो के कमर्शियल सिलेंडर की कीमत अब 2,012 रुपये हो गई है। गैस सिलेंडरों की नई दिल्ली में 6 जुलाई 2022 से लागू हो चुकी हैं।





परशुराम वार्ड में 94 वर्षीय श्रीमती शांति शुक्ला ने भी वोट डाला



दिव्यांग भी ट्राईसाइकिल से वोट डालने पहुंचा



बारिश भी नहीं रोक पाई वोट डालने से



70 साल की शोभा शाह को डायलिसिस बीमारी होने के बावजूद परिजन मतदान कराने साथ में लेकर पहुंचे



बरसात में भी वृद्धा रेन कोट पहनकर वोट डालने पहुंची



80 वर्षीय दिव्यांग कुरैशा बी ने भी मतदान किया परिजन कुर्सी पर बैठाकर बूथ पर पहुंचे



रामेश्वर कालोनी निवासी आदित्य जैन ने पहली बार वोट डाला

# बढ़ती उम्र पर हावी वोट डालने का जुनून

# युवाओं को दिया बेहतर संदेश

**जबलपुर,यशभारत। जबलपुर में नगरीय निकाय चुनाव में वोट डालने बुजुर्गों और युवाओं में भी उत्साह दिखाई दिया। भाजपा महपौर प्रत्याशी डॉक्टर जितेंद्र जामदार और कांग्रेस के जगत बहादुर अन्नू ने सुबह सपत्नीक वोट डाला। नगरीय निकाय चुनाव के प्रथम चरण में जिले के पांच नगरीय निकायों में वोट डाले जा रहे हैं। प्रथम चरण में पहले चरण में नगर निगम जबलपुर, नगर पालिका सीहोरा व पनागर, नगर परिषद बरेला व भेड़ाघाट में मतदान चल रहा है।**





इस चुनाव में जिस तरह से बुजुर्ग मतदाताओं ने लड़खड़ाते कदमों से चलकर अपने मतदान का प्रयोग किया वह युवाओं बेहतर संदेश है। सुबह से ही बड़ी संख्या में मतदाता अपनी वोटर आईडी और मतदाता पर्ची लेकर मौजूद रहे और जैसे ही मतदान की प्रक्रिया शुरू हुई उन्होंने बाकायदा कतार में लगकर अपने मत का प्रयोग किया इतना ही नहीं निजी निजी क्षेत्रों में काम करने वाले और व्यापारी भी सुबह की पाली में ही वोट डालने के लिए उत्सुक नजर आए उनका मानना था कि सुबह जल्दी ही मतदान से फुर्सत होकर अपने काम धंधे में लग जाएं हालांकि मतदान प्रारंभ होने के बाद कुछ समय के लिए रिमझिम बारिश का क्रम भी शुरू हो गया था जिसके कारण मतदान करने आने वालों की संख्या कुछ कमी लेकिन मतदान की प्रक्रिया इस दौरान भी जारी रही और लोग छाता बरसाती लेकर वोट डालने के लिए मतदान केंद्र पहुंच रहे थे हालांकि बारिश का क्रम तेज ना होने के कारण ज्यादा समस्या नहीं हुई मतदान केंद्रों के आसपास राजनीतिक दलों और निर्दलीय प्रत्याशियों की जो टेबल लगी थी उन्हें जरूर कुछ देर के लिए यहां-वहां किया गया या फिर ऐसे स्थानों पर व्यवस्था की गई जहां बारिश का असर ना पड़े मौसम का मिजाज बदलने चुनाव मैदान में उतरे प्रत्याशियों और उनके समर्थकों में इस बात को लेकर चिंता जरूर देखी गई कि यदि बारिश का सिलसिला इसी तरह से जारी रहता है या फिर तेज बारिश होती है तो वोटिंग पर असर जरूर पड़ सकता है और मतदान के



प्रतिशत में कमी आ सकती है।

## दिव्यांग बालकृष्ण भी पहुंचे वोट डालने

कई मतदान केंद्रों पर सुबह से ही मतदाता लाइन में खड़े नजर आये । नगर निगम जबलपुर के वार्ड क्रमांक 14 के मतदान केंद्र क्रमांक 232 में 90 वर्षीय दिव्यांग बालकृष्ण ने मतदान किया । नगरीय निकायों के निर्वाचन के पहले चरण में जिले के पाँच नगरीय निकाय नगर निगम जबलपुर, नगर पालिका सिहोरा एवं पनागर तथा नगर परिषद बरेला एवं भेड़ाघाट में मतदान हो रहा है ।

## किडनी रोगी पर वोट डालने का जुनून

श्रीमती शोभा शाह उम्र 70 वर्ष व्हीएफजे रोड शारदा नगर निवासी हैं । किडनी की समस्या से पीड़ित है । हफ्ते में दो बार डायलिसिस होता है लेकिन फिर भी वोट डालने का जुनून ऐसा है कि गंभीर बीमारी होने के बाद भी अंबेडकर वार्ड रांझी के मतदान केंद्र में वोट डालने पहुँची । तिलक भूमि तलैया स्थित मतदान केंद्र पर 80 वर्षीय महिला ने मतदान किया, वहीं रामेश्वरम कॉलोनी निवासी युवा आदित्य जैन ने अशोका हॉल स्थित केंद्र क्रमांक-345 में मतदान कर पहली बार मताधिकार का इस्तेमाल किया । विवेकानन्द वार्ड के अंतर्गत इस मतदान केंद्र को आदर्श मतदान केंद्र बनाया गया है । इसे रंगबिरंगे गुब्बारों से सजाया गया है ।

– नगरीय निकाय निर्वाचन के तहत नगर निगम जबलपुर के महापौर और पार्षदों के चुनाव के लिये मतदाताओं में मतदान के प्रति अच्छा उत्साह देखा जा रहा है । दोपहर 1 बजे तक नगर निगम जबलपुर में करीब 35 प्रतिशत मतदाता मतदान कर चुके थे । कई मतदान केंद्रों पर दोपहर 12 बजे के बाद को बड़ी संख्या में मतदाता मतदान करने पहुँचे ।

## चुनाव लाइव

■ कैंट विधानसभा के अंतर्गत लाला लाजपत राय वार्ड के शासकीय प्राथमिक शाला भवन मानेगांव में काफी संख्या में मतदाता है। यहां पर दोपहर 12 बजे तक तकरीबन 26 प्रतिशत मतदान हो चुका था। अभी बारिश खुली है इस कारण से लगातार मतदाताओं कीसंख्या मतदान केंद्रों पर बढ़ रही है।

■ स्मृति कृष्णन पहली बार वोट डाल रही है। उनका कहना था कि विकास को तव'जो देने वाले उम्मीदवार ही उनकी पहली पसंद है ।वह मतदान क्रमांक 10×9 वार्ड क्रमांक 70 लाला लाजपत राय वार्ड की मतदाता हैं। सुमेधा आटले पहली बार वोट डाल रही हैं उनका कहनाथा कि जो काम करता है उसी को वोट देना चाहिए।

■ नगर निगम जबलपुर के चुनाव में दिव्यांग 80 वर्षीय कुरेशा बी ने बूथ क्रमांक 587 में मतदान किया ।तिलक भूमि तलैया स्थित मतदान केंद्र पर 80 वर्षीय महिला ने मतदान किया, वहीं युवा आदित्य जैन ने मतदान कर पहली बार मताधिकार का इस्तेमाल किया।




पत्रकार वार्ता को संबोधित करते पूव मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ साथ राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तन्खा।

# 15 महीने की सरकार में कांग्रेस ने दी प्रदेश को एक नई पहचान

## पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा : पहले मध्यप्रदेश की पहचान माफिया से थी

**कटनी, (यशभारत)।** वर्ष 2018 के चुनाव में मध्यप्रदेश में 15 सालों बाद कांग्रेस की सरकार बनी थी। इस दौरान हमारी सरकार ने अपनी नीति और नियत का परिचय दिया था। हमने 100 रूपए में 100 यूनिट बिजली दी। 27 लाख किसानों का कर्जा माफ किया। बुजुर्गों की पेंशन बढ़ाने का काम किया। हमने मध्यप्रदेश को एक नई पहचान देने का काम किया। कांग्रेस ने मप्र में निवेश की तरफ भी ध्यान, क्योंकि निवेश आता है विश्वास से। हमारी सरकार आने के पहले किसी को मध्यप्रदेश पर विश्वास ही नहीं था। यह बात प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने पत्रकारवार्ता में कही। श्री नाथ ने कांग्रेस में गुटबाजी और असंतोष की बात को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि आज कांग्रेस से ज्यादा गुटबाजी और असंतोष भाजपा में है। उन्होंने कहा कि पहले मध्यप्रदेश की पहचान माफिया से थी। आज मप्र बेरोजगारी, महिलाओं पर अत्याचार, किसान आत्महत्या, भ्रष्टाचार और अपराध के मामले में नंबर वन है। हमारी सरकार थी तो हमने माफिया को खत्म करने का काम किया था। राज्य की भाजपा सरकार की दोषपूर्ण नीतियों की वजह से ही आज मध्यप्रदेश का हर वर्ग परेशान है। भ्रष्टाचार इस कदर बढ़ गया है कि आज मप्र में कोई भी काम बिना पैसे के नहीं होता। पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा ने कहा कि कांग्रेस समाज के हर तबके की लड़ाई लड़ रही है और हर मोर्चे पर उनके साथ खड़ी है। प्रशासन अगर प्रताड़ित करता है तो हम आपके साथ खड़े होंगे। श्री तन्खा ने कहा कि कांग्रेस अब एक नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रही है। कांग्रेस के साथ बड़ी संख्या में युवा जुड़ रहे हैं। अब एक नई कांग्रेस बन रही है। इस नई कांग्रेस के साथ कमलनाथ जी के नेतृत्व में हम हर लड़ाई जीतेंगे। कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए नेताओं के सवाल पर श्री तन्खा ने कहा कि जो लोग कांग्रेस छोड़कर जा चुके हैं, हमे उन्हें वापस लाने में कोई रूचि नहीं है। हम अपनी शक्ति नए लोगों के मध्यम से चुनाव में लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता चुनाव जीतने के लिए काम करे और प्रशासन अगर गलत करता है, तो प्रशासन को कैसे कंट्रोल करना है, हमे मालूम है। पत्रकारवार्ता में विधायक बसंत सिंह, शहर कांग्रेस अध्यक्ष मिथलेश जैन, ग्रामीण अध्यक्ष गुमान सिंह, महापौर प्रत्याशी श्रेहा खंडेलवाल, शहर कांग्रेस कार्यवाहक अध्यक्ष विक्रम खंपरिया, ग्रामीण कांग्रेस कार्यवाहक अध्यक्ष करन सिंह चौहान, राकेश जैन कक्का सहित अन्य नेताओं की मौजूदगी रही।

हृदय रोग जांच एवं परामर्श
डॉ. इसरार अहमद
M.B.B.S., PGDCC (Dip.Card), CCEBDM, FNIC
Fellowship in Echocardeography
हार्ट अटेक (हृदयधाट) सीने में दर्द व भारीपन
उच्च रक्तचाप बी.पी.का बढ़ना या घटना
घबराहट व धड़कन बढ़ना बिना वजह पसीना आना
दिन- सोमवार से शनिवार समय- शाम 7:00 से 9:30
मो. 9717459755/फोन-0761-2443366
पता-1969,नाज मेडिकल हाईकोर्ट रोड रद्दी चौकी, जबलपुर




मॉ शक्ति
एकवा आरो सिस्टम
सभी प्रकार के आरो सैल्स एवं सर्विस के लिए सम्पर्क करें :
मो.- 9074629210
अब अपने RO की सर्विसिंग कराएं वो भी बिल्कुल फ्री
पता- शंकर नगर करमेता, जबलपुर

## सायकिल से बंधा था हाथ, 42 घंटे बाद परिजनों को मिली खबर

# गायब हुए छात्र का कालीघाट में मिला शव, मामला संदिग्ध

**जबलपुर, यशभारत। ग्वारीघाट के कालीघाट में मिली 19 वर्षीय छात्र के शव मिलने के बाद क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति है। मृतक छात्र अपने दादा के घर बेलबाग आया था, जहां से बिना बताए गायब हो गया था। परिजनों ने आसपास पता किया लेकिन जब कहीं कुछ सुराग नहीं लगा तो परिजनों ने थाना बेलबाग में शिकायत की थी। पुलिस ने गुमइंसान कायम किया था, जिसके 42 घंटे बाद छात्र का शव पानी में डूबा हुआ मिला, जिसका एक हाथ सायकिल से बंधा हुआ था।**

पूरा मामला संदिग्ध है, लिहाजा पुलिस पीएम रिपोर्ट का इंतिजार कर रही है, तो वहीं परिजनों का कहना है कि मामले की यदि बारीकी से पड़ताल की जाए तो सच्चाई सामने आ जाएगी, क्योंकि उनका बेटा क्यों बिना बताए घर से गायब होगा?

थाना प्रभारी भूमेश्वरी चौहान ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि ग्वारीघाट के कालीघाट में कल दोपहर को 19 वर्षीय छात्र उदित राना पिता पवन राना निवासी सुहागी का शव बरामद किया गया था, उसका एक हाथ तार से सायकिल में बंधा था। मृतक के पास बैग और मोबाइल भी मिला है। लेकिन शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं है। फर्स्ट ईयर का छात्र था मृतक के पिता पवन राना ने बताया कि बेटा उदित राना गोकलपुर शासकीय कॉलेज में फर्स्ट ईयर का छात्र था और सुहागी से अपने दादा के घर बेलबाग गया हुआ था। जहां से अचानक गायब हो गया। जिसकी रिपोर्ट 4 जुलाई 2022 को थाना बेलबाग में दर्ज कराई थी।





### सीसीटीव्ही फुटेज खंगाल रही पुलिस

पीड़ित पिता ने बताया कि गुमइंसान कायम होने के 42 घंटे बाद ग्वारीघाट में बेटे का शव मिला। उदित राना पढ़ने में होशियार था और पूरे परिवार का सहारा था। पुलिस बेलबाग से ग्वारीघाट रोड के पूरे फुटेज खंगाले तो सच्चाई सामने आ जाएगा। उनके बेटे के साथ गलत हुआ है।



# कुंडम में तलबारबाजी दुकान में लगाई आग

**जबलपुर, यशभारत।** जबलपुर के सदाफल गाँव मे देर रात एक युवक के घर पर आगजनी करते हुए पथराव कर दिया गया। पुरानी रंजिश के चलते सुबह तलबारबाजी भी हुई थी, जिसके बाद इस घटना को अंजाम दिया गया है। सूचना मिलते ही मौके पर कुण्डम थाने का स्टाफ पहुँचा पर तब तक आरोपी मौके से फरार हो चुके थे।पुलिस ने शिवा ठाकुर की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है हालांकि पुलिस का कहना है कि घटनाक्रम की जाँच की जा रही है। जानकारी के मुताबिक मंगलवार की दोपहर को सदाफल गाँव का रहने वाला शिवा ठाकुर अपने साथियों के साथ कुण्डम पहुँचा और तलवार से फर्नीचर व्यापारी विनीत साहू के ऊपर हमला कर दिया। घटना में विनीत साहू के हाथ में गम्भीर चोटे आई है। विनीत साहू को जबलपुर के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। बताया यह जा रहा है कि इसी घटना के बाद मंगलवार की रात को शिवा ठाकुर के घर पर पथराव और आगजनी की वारदात को अंजाम दिया गया है।

### लंबे समय से चला आ रहा था विवाद

घटना को लेकर कुण्डम थाना पुलिस ने बताया कि शिवा ठाकुर और विनित साहू की लंबे समय से रंजिश चली आ रही है। इससे पहले भी शिवा ठाकुर ने विनित से विवाद किया था। पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। घटना के बाद से गाँव मे दहशत बनी हुई है।

# फुल्की ठेला संचालक झूला फांसी के फंदे में

**आर्थिक तंगी के बाद चुन लिया मौत का रास्ता**

**लार्डगंज थाने का मामला, पुलिस जांच जारी**

**जबलपुर, यशभारत।** लार्डगंज थाना अंतर्गत जगदीश मंदिर के पास किराए के मकान में रह रहे एक फुल्की ठेला संचालक युवक ने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जिस वक्त यह घटना हुई परिजन काम से बाहर गए हुए थे, जब घर आकर देखा तो युवक फंदे पर लटका मिला। जिसके बाद शोर सुनकर मोहल्ले वालों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर, मामला जांच में लिया है। अब पूरी पड़ताल के बाद ही स्थिति स्पस्ट हो सकेगी।

पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि अशोक गुप्ता पिता स्व. जीवन लाल गुप्ता ने पुलिस को बताया कि उसका बेटा नीलेश गुप्ता 26 साल, पांडे चौक निबाड़गंज में फुल्की का ठेला लगाता था। वह जब काम से घर लौटा तो देखा कि रात में उसका बेटा कमरे में फंदे पर लटका हुआ था। बताया जाता है कि युवक आर्थिक तंगी से तनाव में था, जिसके बाद ही उसने मौत का रास्ता अख्तियार कर लिया। वहीं, इस घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी का माहौल है।

# शराबी युवक की मौत

## नशे में धुत्त होकर गिरा और निकल गई जान

**जबलपुर, यशभारत।** घमापुर में शराब पीने के बाद गिरे युवक की मौत हो जाने का मामला सामने आया है। लोगों ने युवक को गिरते हुए देखा और पुलिस को खबर दी। लेकिन कुछ देर बाद ही युवक की मौत हो गयी। पुलिस मामले की पड़ताल में जुटी है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि कैलाश कुमार बेन 35 वर्ष निवासी चांदमारी तलैया ने बताया कि अधारताल से घर जा रहा था महेन्द्र किराना स्टोर के सामने कुछ लोग खड़े थे जहां दिलीप कुमार बेन उम्र 50 वर्ष निवासी न्यू कंचनपुर अधारताल पड़ा था, जो बहुत ज्यादा शराब पिये थे बेहोशी की हालत में था । सांसें चल रहीं थी, कुछ देर बाद उसकी मृत्यु हो चुकी थी । सूचना पर पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम हेतु भिजवाते हुये मग्र कायम कर जांच में लिया गया।



# अनवर को दबोचकर आरिफ और शहबाज ने घोंपे चाकू

## पीड़ित अस्पताल में भर्ती

जबलपुर, यशभारत। हनुमानताल थाना क्षेत्र अंतर्गत मदार टेकरी में देर रात पुरानी रंजिश को लेकर अनवर के साथ जमकर मारपीट करते हुए दो आरोपियों ने चाकू से हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया और मौके से फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर, फरार आरोपियों की तलाश शुरु कर दी है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि मोहम्मद अनवर 30 साल, निवासी बड़ी मदार टेकरी ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि पुरानी बात को लेकर शहबाज और आरिफ गालीगलौच करने लगे। जब उसने विरोध किया तो दोनों ने मेरे बाल पकड़कर लात-घूंसों से जमकर मारपीट कर दी और किसी नुकीली चीज से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर, पूरा मामला जांच में लिया है।



# कलेक्टर के आदेश के बाद भी खुले रहे आयुध संस्थान

**जबलपुर यशभारत** ।आज मतदान के दिन भी सुरक्षा संस्थानों में मतदान के लिए अवकाश को लेकर होचपोच की स्थिति बनी रही ।कलेक्टर द्वारा कल शाम सभी आयुध निर्माणियों के महाप्रबंधकों को पत्र जारी करते हुए उनसें राज्यपाल की ओर से जारी निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट का हवाला देते हुए सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की अपील की थी ।जिसके बाद संस्थान में सार्वजनिक अवकाश घोषित नहीं किया जा सका ।यद्यपि कर्मचारियों को मतदान करने के लिए जीसीएफ खमरिया 506आर्मी बेस वर्कशॉप और व्हीएफजे मे आधे दिन का अवकाश घोषित कर दिया ।वहीं जी आई एफ में प्रबंधन ने संस्थान तो बंद नहीं किया लेकिन जिन कर्मचारियों को मतदान करने जाना है उन्हें इस शर्त पर छोड़ा गया कि वे शाम को वापिस आकर अपनी डिजिटल हाजिरी लगायेंगे ।

**यूनियनों एसोसिएशनों के विरोध के बाद आधा दिन अवकाश**

सीओडी में स्थिति इसके उलट रही वहां का प्रबंधन कलेक्टर के आदेश को मानने ही तैयार नहीं था ।यूनियन प्रतिनिधियों ने जब राज्यपाल और शाम को जारी कलेक्टर के आदेश का हवाला दिया तो बमुश्किल एक घंटे की छूट दी गई ।नेताओं ने कहा कि इतने कम समय में मतदान करना संभव नहीं है क्योंकि कर्मचारी20किलोमीटर तक के दूरदराज क्षेत्र से आते हैं ।साथ ही प्रबंधन को जानकारी दी गई कि कलेक्टर ने निर्वाचन आयोग की ओर से आदेश जारी किया है ।अत: कर्मचारियों को मतदान के लिए अवसर न देना आदेश का गंभीर उल्लंघन है तब जाकर सीओडी में दोपहर एक बजे के बाद अवकाश घोषित किया ।यूनियनों का कहना है कि इसकी जानकारी कलेक्टर और निर्वाचन आयोग को दी जाएगी ।वहीं कर्मचारियों ने इसका विरोध करते हुए कहा कि उन्हें पर्याप्त समय नहीं दिया गया इस आधार पर मतदान पर संशय है कि मौसम और मतदान केंद्र की स्थिति क्या है ।यदि किन्हीं परिस्थितियों के चलते वे मतदान नहीं कर पाये तो उन्हें प्रबंधन की कार्यवाही का डर है।

# तक्षशिला ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में मारूति सुजूकी प्रायवेट लिमिटेड गुड़गाँव कंपनी का मेगा कैम्पस



**जबलपुर, यशभारत।** संस्कारधानी की अग्रणी संस्था तक्षषिला ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के तत्वावधान में मारूति सुजूकी प्रा. लिमि. गुड़गाँव द्वारा आईटीआई के प्रशिक्षणार्थियों के लिए ओपन कैम्पस का आयोजन किया गया। कंपनी द्वारा 4 जुलाई को आयोजित कैम्पस में लगभग 800 छात्रों ने लिखित परीक्षा में भाग लिया। लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण छात्रों का द्वितीय फाइनल राउंड 5 जुलाई को हुआ। जिसमें 250 छात्रों का चयन हुआ। चयनित छात्रों को 3.5 लाख का पैकेज प्रदान किया जायेगा। इस अवसर पर आईटीआई के डायरेक्टर, प्रो. विशाल सक्सेना ने बताया कि कैम्पस में चयनित सभी छात्रों को कंपनी में टेक्नीकल ट्रेनी के रूप में पदस्थापना की जायेगी। इस अवसर पर संस्था के चेयरमेन श्री एस.सी. मसुरहा जी ने कहा कि इस कैम्पस से छात्र लाभान्वित होकर अपना भविष्य सुनिष्चत करेंगे, तक्षषिला संस्था का हमेषा प्रयास रहा है कि प्रतिभावान छात्रों को कैम्पस के माध्यम से उन्हें उनकी मंजिल तक पहुँचाऐं। कैम्पस के दौरान संस्था के चेयरमेन श्री एस.सी. मसुरहा, सचिव श्री पी.के. तिवारी, संयुक्त सचिव श्री व्ही.के. गुप्ता, आईटीआई डायरेक्टर प्रो. विषाल सक्सेना, प्राचार्य डॉ. बी.के. साहू, डायरेक्टर एकेडेमिक डॉ. अर्पित शुक्ला ने छात्रों की उज्जवल भविष्य की कामना की। कैम्पस को सफल बनाने में मयंक सोनी एवं मोहम्मद फैज़ल का योगदान रहा।



## भैंस नहलाने के विवाद में भांजी तलवार

**जबलपुर, यशभारत।** पनागर के बंधी ग्राम में भैसे नहलाने के विवाद पर एक युवक को दबोचकर दो आरोपियों ने तलवार से हमला कर लहूलुहान कर दिया और मौके से फरार हो गए। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर, जांच में लिया है।

**यदि आप नौकरी पाना चाहते हैं**

अपने कौशल के साथ दिये गये मोबाइल नंबर पर संपर्क करें
**9009985689,**
**9131406684**
योग्यता कम से कम 12 वीं पास उम्र 18 से 27 वर्ष

# ग्वारीघाट रोड पर दो बाइकों में सीधी भिडंत : टूट गए पैर

जबलपुर, यशभारत। गोरखपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्वारीघाट रोड पर देर रात दो बाइकों में सीधी भिडंत हो गयी। जिसमें एक युवक के पैर में गंभीर चोट आ गई। जिसे तत्काल अस्पताल में भर्ती किया गया, वहीं आरोपी बाइक सवार मौके से फरार हो गया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि प्रियांशु बुन्देले 25 साल, निवासी लक्ष्मी कॉलोनी ने पुलिस को बताया कि वह घर से निकलक ग्वारीघाट रोड पहुंचा तभी सामने से तेज रफ्तार में आ रही बाइक क्रमांक एमपी 20 एमएक्स 8194 के चालक ने सीधी टक्कर मार दी। हादसे में उसे चोट आ गयी। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर, आरोपी को सरगर्मी से तलाश करने में जुटी है।

## हज्जन जुबैदा हाशिमी साहिबा ने दुनिया को अलबिदा कहा

**जबलपुर।** आल इंडिया सुन्नी जमीअतुल उलेमा व काज़ी बोर्डके नेशनल वाईस प्रेसीडेन्ट, खतीबे युरोप व एशिया अल्हाजहजरत मौलाना सैयद बरकात अहमद कौसर रब्बानी साहब की अहलिया (धर्मपत्नि) हज्जन मखदूमा पीरानी सैयदा जुबैदा हाशमी साहिबा का इंतकाल हो गया है. नमाज़े जनाज़ा आज रात9:30 बजे बाद नमाज़ इशा जामा मस्जिद मंडी मदार टेकरी में अदा की जाएगी। सुपुर्दे ख़ाक मंडी मदार टेकरी कब्रस्तान में किया जाएगा.

**नाम सुधार सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं की मैं उज्वला उपाध्याय पति रवि उपाध्याय आयु 43 वर्ष ग्राम बारहा रानी दुर्गावती समाधि रोड तहसील व जिला जबलपुर की निवासी हूं। मेरे दोनों बच्चों के फार्म में त्रुटिवश शालिनी उपाध्याय अंकित हो गया है जो कि गलत नाम है। सही नाम उज्वला उपाध्याय है। अत: आज दिनांक से मुझे उज्वला उपाध्याय नाम से जाना व पढ़ा जावे।
**सही नाम- उज्वला उपाध्याय**
**गलत नाम -शालिनी उपाध्याय**

**नाम सुधार सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं की मैं अंतरा मुजुमदार यादव पति अभिषेक यादव पता हाउस नंबर 03 अम्बालिका श्री परिसर बिहाइंड JDA मार्किट शांति नगर दमोह नाका जिला जबलपुर की निवासी हूँ ! मेरे पासपोर्ट क्रमांक K4061992 में मेरा नाम अंतरा संतोष मुजुमदार दर्ज हैं जो की मेरी शादी के पहले का नाम हैं ! मेरे समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम अंतरा मुजुमदार यादव दर्ज हैं जो की सही नाम हैं ! अत:आज दिनांक से मुझे अंतरा मुजुमदार यादव नाम से पढ़ा एवं लिखा जावें !
**सही नाम -अंतरा मुजुमदार यादव**
**गलत नाम - अंतरा संतोष मुजुमदार**

### ग्रीष्मकालीन हैण्डबाल प्रशिक्षण शिविर का समापन

# योग और व्यायाम को अपनेजीवन में आत्मसात करें

जबलपुर,यशभारत। शासकीय महाकोशल कला एवं वाणिज्य स्वशासी महाविद्यालय जबलपुर एवं जिला हैण्डबाल संघ, जबलपुर के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय के इन्डोर हॉल में ग्रीष्मकालीन हैण्डबाल प्रशिक्षण शिविर का समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जबलपुर संभाग के संयुक्त आयुक्त अरविंद यादव एवं प्राचार्य डॉ.ए.सी.तिवारी, डॉ. अरुण शुक्ल, डॉ. पवन तिवारी, डॉ. राजेन्द्र राजपूत, विजय चौधरी एवं विजय जायसवाल के अतिथ्य में संपन्न हुआ। प्रारंभ में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.ए.सी.तिवारी ने अपने स्वागत भाषाण में जीवन में खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुये कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन व्यायाम बतौर किसी भी खेल को खेलना चाहिये। मुख्य अतिथि अरविंद यादव, संयुक्त आयुक्त जबलपुर संभाग ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी मैदानों से दूर होती जा रही है। इसी तरह के प्रशिक्षणों के माध्यम से विभिन्न खेलों में सहभागिता कर शारीरिक और मानसिक रुप से स्वस्थ्य रह पायेगें। प्रत्येक व्यक्ति को योग और व्यायाम को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिये। शिविर में सहभागिता करने वाले विद्यार्थियां की सराहना करते हुये उज्जवल भविष्य की शुभकामना प्रदान की।कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन डॉ. ज्योति जुनगरे, क्रीडा अधिकारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर 75 वर्ष के श्री विजय चौधरी, जिला हैण्डवाल संघ के अध्यक्ष जिन्होनें अपना संपूर्ण जीवन खेल के लिए समर्पित किया अतिथियों द्वारा शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। उक्त शिविर में श्री सुनील बघेल, श्री रितेश रजक, श्री सुमित यादव द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया।कार्यक्रम में डॉ. नरेन्द्र कोष्टी, डॉ. तृप्ति उकास, डॉ. मोहनी वाउकर, जिला खेल अधिकारी चंद्रा सोनी, सुश्री सोना दुबे, प्रीति ठाकुर, परसुराम बमोरिया, राधा सैनी, रणविजय, पूजा ठाकुर, भारती, सागर सिंह आदि उपस्थित रहे।

Roasted Food Junction
न्यू शो रूम
जनता साइकिल के बाजू से बड़ी ओमती चौक, जबलपुर
फ्रुट आयटम उपलब्ध
→रोस्टेट नमकीन →सत्तू →रोस्टेट ड्राई फ्रूड →बकेट टोस्ट →केला जिप्स →पीनट चिक्की →ड्राईभेज →बिस्केट →फुल्की →रोस्टेट पीनट
Pure & Tasty AK's Special
मनोज संगतानी मो. 9301997304

THE BEST CREATIVE LEARNING SCHOOL OF JABALPUR
GOLDEN STAR
A MONTESSORI SCHOOL
Play Nursery | Nursery | KG I KG II | 1st to Vth
For Details Call:
9981997833 , 9981997834
TRANSPORT FACILITY AVAILABLE
ADMISSION OPEN 2022-23
81,Ashok Nagar,In front of Jain Mandir,Adhartal,Jabalpur(M.P.)
Ph.No.:0761-4115332,E-mail:goldnstar81gs@gmail.com

R.O. WATER बर्फ से निर्मित
आईस बर्फ गोला
नीबू सोडा, शिकंजी, मसाला छाछ, लस्सी, आईसक्रीम, कोल्ड काफी, मिल्क शेक
सांची कूल जोंन
एकता चौक विजय नगर,मो. 7974758785

आपका शैल्बी, आपका हेल्थ पार्टनर
अधिक जानकारी व अपॉइंटमेंट हेतु संपर्क : +91 95758 01200
28 YEARS OF EXPERT HEALTHCARE
SHALBY MULTI-SPECIALTY HOSPITALS
In association with SMJ Trust
शैल्बी हॉस्पिटल्स
प्लाट नं. 5, अहिंसा चौक, विजय नगर, जबलपुर (म.प्र.)
24x7 Emergency & Pharmacy
www.shalby.org

# डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जयंती पर भाजपाईयों ने किया माल्यार्पण

## सेवा कार्य एवं स्वच्छता अभियान के साथ पार्टी नेताओं ने पौधारोपण किया



**भोपाल, यशभारत।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जयंती पर प्रदेश भर में सेवा कार्य एवं स्वच्छता अभियान के साथ पार्टी नेताओं ने पौधारोपण कर डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी का पुण्य स्मरण किया। प्रदेश कार्यालय के समक्ष डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान प्रदेश प्रभारी मुरलीधर राव, प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्री विष्णुदत्त शर्माए प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद जी सहित पार्टी के पदाधिकारियों ने माल्यार्पण कर डॉ. मुखर्जी अमर रहे के उदघोष किए।

### मुखर्जी के संकल्प को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूरा किया . विष्णुदत्त शर्मा

पुष्पांजलि के पश्चात विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि जनसंघ के संस्थापक डॉण् श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चरणों में हम श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं। उन्हीं के बताए मार्ग पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र की भाजपा सरकार और प्रदेश की सरकार चल रही है। श्रद्धेय मुखर्जी ने जो संकल्प लिया था कि एक देश में दो निशानए दो विधान और दो प्रधान नहीं चलेंगे। उसके लिए उन्होंने अपना बलिदान दिया। मुखर्जी के इस संकल्प को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूरा किया है। कश्मीर में अब दो निशानए दो विधान और दो प्रधान नहीं है। कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है यह डॉण् मुखर्जी की बदौलत है। प्रदेश कार्यालय के समीप डॉण् मुखर्जी के माल्यार्पण कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक शर्माए प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानीए प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. राघवेन्द्र शर्मा, जिलाध्यक्ष सुमित पचौरी, प्रदेश प्रवक्ता नेहा वग्गा, निगम अध्यक्ष शैलेन्द्र शर्मा, प्रदीप त्रिपाठी, अभय प्रताप सिंह, एसएस उप्पल, सरिता देशपाण्डे सहित प्रदेश एवं जिला पदाधिकारी उपस्थित थे।

# शहरवासी अपना मत डालने के लिए खासे परेशान होते रहे



**भोपाल, यशभारत।** यशभारत राजधानी में सात साल बाद नगर निगम चुनाव हो रहे हैं, लेकिन शहरवासी अपना मत डालने के लिए खासे परेशान होते रहे। शहरवासियों को वोटर पर्ची नहीं मिलने के कारण खूब दिक्कतें उठानी पड़ी। कई इलाकों में वोटर्स को अपना मतदान केंद्र ढूंढ़ने में बहुत मशक्कत करनी पड़ रही है। यदि मतदाताओं को वोटर पर्ची मिल गई होती, तो उन्हें परेशान नहीं होना होता। इस व्यवस्था के फेल होने के पीछे रहवासी प्रशासन और निर्वाचन आयोग को जिम्मेदार मान रहा है। दरअसल, शहर में वोटर्स पर्ची बांटने के काम मुख्य तौर पर बीएलओ और उनकी मतदान टीम का होता है। लेकिन नगरीय निकाय चुनाव के ठीक कुछ दिन पहले केंद्रीय कर्मचारियों की चुनाव ड्यूटी को लेकर हाईकोर्ट ने आदेश जारी किया, जिसके कारण केंद्रीय कर्मचारियों की चुनाव ड्यूटी हटाकर नए कर्मचारियों को इस काम में तैनात किया गया। इस दौरान शहर के अधिकांश इलाकों के बीएलओ के काम चुनावी काम का बोझ बढ़ गया और चुनाव के पहले वोटर्स पर्ची बांटने का काम सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ। वहीं, शहर के कई इलाकों और रहवासियों को पास जो पर्ची पहुंची है, वह अलग-अलग पार्टियों के प्रत्याशी के सहयोग से काम हुआ है, लेकिन यह काम भी ज्यादा संख्या में नहीं हो पाने के कारण लोग परेशान होते रहे। इस कारण मतदाताओं को अपने मतदान के अधिकार का उपयोग करने के लिए परेशान होना पड़ा। कई क्षेत्रों में मतदाताओं को दो घंटे तक यहां से वहां भटकना पड़ा। इसमें से कई तो बिना वोट डाले ही निराश होकर वापस घर लौट गए। इस कारण मतदान के प्रतिशत में कमी आने का अंदेशा है।

### केंद्रों के बाहर लगे प्रत्याशियों के समर्थक कर रहे है मदद

मतदान केंद्र के बार प्रत्याशियों के समर्थक लोगों की मदद कर रहे है। क्योंकि सबसे पहले मतदाता यहीं से गुजरते है, उन्हें बैठने वाले समर्थकों के कारण ही कई मतदाता सहीं जगह पर जा सके और मतदान का उपयोग कर सके।



# घड़ी बांटने पर विवाद, उलझे कार्यकर्ता

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंगलवार रात किया एमपी नगर थाने का घेराव

**भोपाल, यशभारत।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंगलवार रात को एमपी नगर थाने का घेराव कर दिया। नारेबाजी कर उन्होंने रामधुन गाकर भजन-कीर्तन किए। उनका आरोप था कि कांग्रेस समर्थकों ने मारपीट की और महिलाओं से झूमाझटकी की। इसके पूर्व एमपी नगर पुलिस वार्ड 43 से भाजपा पार्षद प्रत्याशी श्वेता आनंद त्यागी के देवर शशांक व रोहित को कार में घड़ी रखे होने की सूचना पर पहुंची थी। इन घडियों में भाजपा प्रत्याशी का फोटो लगा था। इस पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ आईपीसी की धारा 171 ई और आचार संहिता का उल्लंघन का केस दर्ज किया है। इधर, पुलिस ने भाजपा नेताओं की मांग पर दो लोगों के खिलाफ नामजद व अन्य के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौच व धमकी का केस दर्ज किया है। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश भदौरिया के मुताबिक, मंगलवार शाम करीब छह बजे राजीव नगर में भाजपा प्रत्याशी की फोटो लगी घड़ी बांटे जाने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचकर पाया कि ऐसा कुछ नहीं हो रहा था। हालांकि कुछ घडियां जब्त कर ली गई गई है। इसी को लेकर भाजपा और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में झूमाझटकी हो गई। पुलिस ने इस मामले में शशांक व रोहित के नाम युवक के खिलाफ केस दर्ज किया है। मजे की बात यह है कि शशांक खुद रायपुर में कांग्रेस का पदाधिकारी है। पुलिस ने कार व घडियां जब्त कर ली हैं। यह खबर लगते ही भाजपा जिलाध्यक्ष सुमित पचौरी, पूर्व विधायक ध्रुव नारायण सिंह समेत करीब 70 समर्थक एमपी नगर थाने पहुंच गए और थाने का घेराव कर दिया। इनका कहना था कि कांग्रेस के फैजान, लाल मियां समेत अन्य लोगों ने उनके समर्थकों के साथ मारपीट की, महिलाओं से झूमाझटकी की। मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह की शिकायत पर पुलिस ने फैजान, लाल मियां समेत अन्य के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौच व धमकी का केस दर्ज किया है। एडिशनल डीसीपी राजेश सिंह भदौरिया ने बताया कि दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# संत हिरदारामजी के प्रिय शिष्य थे थद्धाराम बैरागढ़वासियों ने श्रद्धापूर्वक किया याद



**भोपाल, यशभारत।** जनता की सेवा करना ही जिनका लक्ष्य होता है, उन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता। स्व. थद्धाराम ज्ञानचंदानी ऐसे ही समाजसेवी थे, जो हमेशा सेवा के लिए आगे रहते थे। साधु वासवानी शिक्षण संस्थान के पूर्व अध्यक्ष स्व. थद्धाराम ज्ञानचंदानी की बरसी पर आयोजित संस्मरण संध्या पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए पूज्य सिंधी पंचायत के महासचिव माधु चांदवानी ने यह बात कही। चांदवानी ने कहा कि उनके समर्पण भाव को देखते हुए ही वे मानव सेवा के प्रतीक संत हिरदारामजी के सबसे प्रिय शिष्य बन गए थे। संतजी अपनी कुटिया पर आने वाले सभी जनप्रतिनिधियों एवं नेताओं से कहते थे कि राजनीति को सेवा का माध्यम बनाना चाहिए, सेवा कैसे करते हैं यह थद्धाराम से सीखो। स्व. थद्धाराम कई संस्थाओं से जुड़े थे। वे एक साल तक भोपाल के उप महापौर भी रहे।

### बाबूलाल गौर से पूछते थे, थद्धाराम कहां हैं

स्व. थद्धाराम कांग्रेस के सक्रिय सदस्य थे, जबकि उस समय बाबूलाल गौर बैरागढ़ के विधायक हुआ करते थे। संतजी से जुड़े संस्मरण सुनाते हुए थद्धाराम फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेश ज्ञानचंदानी ने कहा कि संत हिरदारामजी हमेशा नेताओं को राजनीति से ऊपर उठकर जनसेवा करने का संदेश देते थे। एक बार बाबूलाल गौर कुटिया पहुंचे तो संतजी ने पूछा थद्धाराम को साथ नहीं लाए क्या। इसके बाद गौर जब भी बैरागढ़ आते थे, थद्धाराम को कुटिया पर बुलाकर बैरागढ़ के विकास पर चर्चा करते थे। दोनों नेताओं ने मिलकर कई काम भी कराए। बरसी समारोह में त्रिलोक दीपानी, अशोक मारण, घनश्याम लालवानी, लीलाधर पंवार, तुलसी जोतवानी, महेश गुरबानी एवं नरेंद्र केवलानी सहित अनेक लोग उपस्थित थे। साधु वासवानी शिक्षण संस्थान ने भी स्व. थद्धाराम की बरसी मनाई। उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। स्व. थद्धाराम इस संस्थान के अध्यक्ष भी रहे। संस्थान के अध्यक्ष इंजीनियर दयालदास डेटानी एवं सेवक आहूजा ने स्व. थद्धाराम को श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस मौके पर अनेक लोग उपस्थित थे।

# 451 चिकित्सा अधिकारियों को किया पदोन्नत, विशेषज्ञ बने



**भोपाल, यशभारत।** प्रदेश भर में 451 चिकित्सा अधिकारियों को विशेषज्ञ के पद पर पदोन्नत किया गया है। शासन ने इस संबंध में मंगलवार रात को आदेश जारी कर दिए हैं। इसमें जेपी अस्पताल के भी कुछ चिकित्सा अधिकारी भी शामिल हैं। लंबे समय बाद चिकित्सा अधिकारियों की विशेषज्ञों के पद पर पदोन्नति की गई है। करीब चार साल पहले कुछ विशेषज्ञों को सशर्त पदोन्नति दी गई थी। इसमें शर्त यह थी की सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के अनुसार फिर से यथास्थिति की जा सकती है। उसके बाद पहली बार स्थायी रूप से पदोन्नति की गई है। पदोन्नति के बाद कई डॉक्टरों को यथावत रखा गया है, जबकि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और सिविल अस्पतालों में पदस्थ कुछ डॉक्टरों को जिला अस्पताल स्थानांतरित किया गया है। इसकी वजह यह कि सामुदायिक स्वास्थ केंद्र या सिविल अस्पताल में पद नहीं था। भोपाल में सिविल अस्पताल बैरागढ़, सामुदायिक स्वास्थ केंद्र गांधीनगर, बैरसिया और कोलार के भी कुछ डॉक्टरों को पदोन्नत किया गया है। दरअसल, प्रदेश में विशेषज्ञों के 3615 पदों में से 2949 पद रिक्त है। पदों को भरने के लिए पदोन्नति के अलावा सीधी भर्ती भी की जा रही है। सीधी भर्ती की प्रक्रिया हफ्ते भर के भीतर शुरू होगी। मध्य प्रदेश मेडिकल ऑफिसर एसोसिएशन की तरफ से भी प्रदेश के सरकारी अस्पताल में पदस्थ स्नातकोत्तर चिकित्सा अधिकारियों को पदोन्नत कर विशेषज्ञ बनाने की मांग लंबे समय से की जा रही थी। अब खाली हुए पदों पर नए चिकित्सा अधिकारियों की भर्ती की जा सकेगी। इस तरह इस पदोन्नति से एक तो विशेषज्ञों के पद स्थाई तौर पर भर गए हैं। दूसरी बात यह है कि नई भर्ती का रास्ता साफ हो गया है। 451 चिकित्सा अधिकारियों के पद रिक्त हो गए है।1090 पहले से ही खाली थे इस तरह अब करीब 15 पदों पर लोक सेवा आयोग से भर्ती की जा सकेगी।

### कांग्रेस प्रत्याशी के सीने में दर्द बैचेनी के बाद कराया गया भर्ती

**भोपाल, यशभारत।** कांग्रेस की ओर से महापौर पद की प्रत्याशी विभा पटेल के पति भुवनेश पटेल को मंगलवार दोपहर अचानक सीने में तेज दर्द उठा। पटेल अरेरा कालोनी स्थित अपने निवास पर बैठे थी, तभी अचानक उन्हें बेचैनी के साथ सीने में दर्द उठा। उन्हें शाहपुरा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पटेल के अस्वस्थ होने की सूचना जैसे ही भाजपा की महापौर प्रत्याशी मालती राय को मिली तो वह उन्हें देखने व उनका हालचाल जानने अस्पताल में पहुंच गईं। उन्होंने डाक्टरों से मिलकर पटेल के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। इस दौरान कांग्रेस प्रत्याशी विभा पटेल अस्पताल में मौजूद नहीं थीं। मालती राय ने फोन लगाकर विभा पटेल से बात करके दिलासा दी और भुवनेश पटेल के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। इसके अलावा पटेल को देखने कांग्रेस व भाजपा के अन्य नेता भी पहुंचे। कांग्रेस की महापौर प्रत्याशी विभा पटेल ने मंगलवार को भाजपा पर आरोप लगाया। पटेल ने कहा कि भाजपा प्रशासन का उपयोग करके मतदाता पर्चियों को मतदाताओं तक नहीं पहुंचा रही है। साथ ही कांग्रेसियों पर झूठे प्रकरण दर्ज करा रही है। भाजपा को हारने का डर सताने लगा है, इसलिए नरेला में कांग्रेस प्रत्याशी, कार्यकर्ताओं, पोलिंग एजेंटों पर झूठा मामला दर्ज कराया है। कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला सहित अन्य कार्यकर्ताओं पर मामला दर्ज कराया है। इसकी शिकायत महापौर प्रत्याशी की ओर से कलेक्टर अविनाश लवानिया से भी की गई है।

# भोपाल के बाद इंदौर भी तरबतर




**भोपाल, यशभारत।** मध्य प्रदेश पर बने कम दबाव के क्षेत्र से झमाझम वर्षा का दौर जारी है। सोमवार को भोपाल और आसपास के इलाके को तरबतर करने के बाद मंगलवार को मालवा क्षेत्र में अच्छी वर्षा हुई। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक दो दिन तक गरज-चमक के साथ वर्षा का सिलसिला बना रह सकता है। बुधवार को धार, इंदौर, खंडवा, खरगोन, अलीराजपुर, झाबुआ, बड़वानी, बुरहानपुर, उज्जैन, नीमच, रतलाम, शाजापुर, देवास, आगर, मंदसौर जिलों में भारी वर्षा होने के आसार हैं। नर्मदापुरम संभाग के जिलों, भोपाल, राजगढ़, सीहोर, छिंदवाड़ा, मंडला एवं सिवनी जिलों में गरज-चमक के साथ कुछ बौछारें पड़ सकती हैं। उधर मंगलवार को सुबह साढ़े आठ बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक इंदौर में 92.4, खंडवा में 59, पचमढ़ी में 57, उज्जैन में 52, रतलाम में 40, धार में 36, खरगोन में 16, बैतूल में 15, नर्मदापुरम में पांच, भोपाल में 1.1, छिंदवाड़ा में 0.4, मंडला में 0.3 मिलीमीटर वर्षा हुई। मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक वर्तमान में मध्य प्रदेश में कम दबाव का क्षेत्र बना रहने एवं मानसून ट्रफ के भी कम दबाव के क्षेत्र से होकर गुजरने के कारण झमाझम वर्षा हो रही है। बुधवार को भी झमाझम वर्षा का सिलसिला मालवा-निमाड़ क्षेत्र के जिलों में बना रह सकता है। हालांकि प्रदेश के शेष जिलों में गरज-चमक के साथ कहीं-कहीं बौछारें पड़ने की संभावना है।

### ये मौसम प्रणालियां हैं सक्रिय

मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्व वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि वर्तमान में कम दबाव का क्षेत्र मध्य प्रदेश के पश्चिम-मध्य क्षेत्र में बना हुआ है। मानसून ट्रफ कोटा से मध्य प्रदेश में बने कम दबाव के क्षेत्र से होकर दमोह, अंबिकापुर से होते हुए बंगाल की खाड़ी तक बना हुआ है। इन दो मौसम प्रणालियों के कारण भोपाल सहित पूरे प्रदेश में वर्षा हो रही है। बुधवार को राजस्थान, गुजरात से लगे इंदौर, उज्जैन संभागों के जिलों में कहीं-कहीं भारी वर्षा हो सकती है। शेष जिलों में तापमान बढ़ने की स्थिति में दोपहर के बाद गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं।

# कोरोना के 98 मरीज मिले, चार महीने में सर्वाधिक




**भोपाल, यशभारत।** देश में सोमवार को कोरोना के 98 मरीज मिले हैं। 5215 सैंपलों की जांच में यह मामले सामने आए हैं। करीब चार महीने बाद मरीजों की संख्या इस स्तर पर पहुंची है। इसके पहले सात मार्च को प्रदेश में 117 मरीज मिले थे। इसके बाद से मरीजों की संख्या सोमवार को मिले मरीजों से कम रही है। भोपाल में 60 साल के एक मरीज की मौत भी हुई है। इंदौर में सबसे ज्यादा 56 मरीज 265 सैंपलों की जांच में मिले हैं। यहां जांच कराने वालों में 21 प्रतिशत संक्रमित पाए गए हैं। उधर,11 मरीज स्वस्थ भी हुए हैं। इसके साथ ही सक्रिय मरीजों की संख्या 744 हो गई है। सरकारी और निजी अस्पतालों में 19 संक्रमित और 15 संदिग्ध भर्ती हैं। बाकी होम आइसोलेशन में हैं। भोपाल में संदिग्ध और संक्रमित मिलाकर 15 मरीज भर्ती हैं। हेल्थ बुलेटिन के अनुसार सोमवार को मिले 108 कोरोना पाजिटिव में से 64 को दोनों और चार को सिर्फ एक टीका लगा था बाकी का टीकाकरण नहीं हुआ था।

### संक्रमण दर बढ़ने के बाद भी आठ जिलों में सैंपल नहीं

प्रदेश में कोरोना मरीजों की संख्या बढ़ने के साथ ही कई जिलों में संक्रमण दर भी तेजी से बढ़ी है। इसके बाद भी कई जिलों में लापरवाही सामने आ रही है। सोमवार को प्रदेश के आठ जिलों में एक भी सैंपल की जांच नहीं हुई। इसमें उमरिया, श्योपुर, रीवा, सिवनी, निवाड़ी, मंदसौर, भिंड, अनूपपुर और अलीराजपुर शामिल हैं। भोपाल में हर दिन 300 से ज्यादा सैंपलों की जांच की जा रही थी, लेकिन सोमवार को सिर्फ 47 सैंपलों की जांच ही गई। इनमें छह पाजिटिव आए। कम सैंपल की वजह से ही संक्रमितों की संख्या भोपाल में कम रही।

# हमसे क्या भूल हुई जो ये सजा हमको मिली

## एक ही विषय में कई विद्यार्थियों को कर दिया फेल

**जबलपुर। रानी दुर्गावती विवि द्वारा पिछले दिनों जारी एलएलबी तृतीय सेमेस्टर के परिणाम में भारी खामियां उजागर हुई और एलएलबी तृतीय सेमेस्टर के प्रथम पेपर लीगल थयोरी में कई स्टूडेंटों को फेल कर दिया गया है और किसी को 1 नम्बर तो किसी को 2 नम्बर दिये गये है।**

उल्लेखनीय है कि जैसे ही परीक्षा परिणाम जारी हुये है वैसे ही विद्यार्थियों में असंतोष देखा जा रहा है। इसी तारतम्य में सोमवार को काफी संख्या में रादुविवि पहुंचकर अपना विरोध जताया। इस संबंध में कुल सचिव को ज्ञापन सौंपा गया है साथ में लीगल थयोरी विषय में एटीकेटी आने वाले विद्यार्थियों की सूची भी सौंपी गई है। मामले में उप रजिस्टार दीपेश मिश्रा द्वारा जांच कराने की बात कही गई है। यहां पर यह उल्लेख करना आवश्यक है कि नीलकंठ लॉ कॉलेज तृतीय सेमेस्टर में कुल 170 विद्यार्थियों परीक्षा में शामिल हुये थे जिनमें से 90 विद्यार्थियों को एक ही विषय में फेल कर दिया गया। यह एक कॉलेज का मामला है जबलपुर में ऐसे कई कॉलेज है जहां



**एलएलबी तृतीय सेमेस्टर का मामला, कुल सचिव को सौंपा ज्ञापन**

पर लीगल थयोरी विषय में कई स्टूडेंटों को फेल कर दिया गया है। एक साथ, एक ही विषय में इतनी अधिक संख्या में विद्यार्थियों को फेल करना किसी को समझ में नहीं आ रहा है। वहीं परीक्षा जांचने वाले जांच अधिकर्ता पर सवाल भी उठ रहे है और सवाल उठना भी लाजमी है क्योंकि यह संभव ही नहीं है कि कोई स्टूडेंट पांच विषय में 50 से 60 प्रतिशत अंक पाता है और मात्र एक विषय में उसे 2 नम्बर या 10 नम्बर दिये जा रहे है। कई स्टूडेंट ऐसे है कि जिनका परीक्षा परिणाम को 60 से 70 प्रतिशत है लेकिन लीगल थयोरी में उनको फेल कर दिया गया है।

### मामला जा सकता है हाईकोर्ट

उपरोक्त पूरे प्रकरण में लॉ स्टूडेंटों में काफी आक्रोश देखने को मिल रहा है। कई विद्यार्थियों द्वारा कॉपी निकलवाई जा रही है और यदि मामले में विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा कोई निराकरण नहीं किया जाता है तो निश्चित रुप से इस मामले को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर की जा सकती है। चूंकि जिस तरह से एक ही विषय में स्टूडेंटों को फेल किया गया है इसमें या तो तकनीकी त्रुटि हो सकती है या फिर कॉपी जांचने वाले जांचकर्ता अधिकारी की गलती। सोमवार को सौंपे गये ज्ञापन में उप रजिस्टार द्वारा मामले को संज्ञान में लिया गया है। रादुविवि पहुंचे विद्यार्थियों ने बताया कि यदि परिणाम नहीं सुधारा जाता है आगे उग्र प्रदर्शन किया जायेगा।

# आर पी एफ ने मनाया आजादी का अमृत महोत्सव

## रैली का हुआ आगमन और स्वागत

**गोटेगांव, यशभारत। नगर में विगत दिवस दिन मंगलवार को पश्चिमी मध्य रेलवे की आरपीएफ एवं रेलवे स्टाफ तथा गोटेगांव पुलिस स्टाफ के संयुक्त तत्वावधान में नगर में आई आर पी एफ की रैली का पुलिस थाना के समीप सेल्फी प्वाइंट जोरदार स्वागत किया गया जिसमें आरपीएफ के निरीक्षक ने सुचारू रूप से रेल यातायात के संबंध में जानकारी दी।**



उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान में रेलों में चेन पुलिंग की बड़ी विकट समस्या बनी हुई है जिस कारण हमारी रेल समय पर नहीं पहुंच पाती और यात्रियों को भी सुविधाओं का सामना करना पड़ता है साथ ही समय भी बर्बाद होता है चेन पुलिंग के समय रेल में सफर कर रहे यात्रियों कि यह जवाबदारी होती है कि चेन पुलिंग की सूचना समीपी रेलवे स्टेशन को या अधिकृत अधिकारी को देना चाहिए जिससे हमारी रेलवे सुचारू रूप से कार्य कर सकें आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में गोटेगांव में आरपीएफ की रैली का श्रीधाम रेलवे स्टेशन के स्टाफ पुलिस स्टाफ की कर्मचारी एवं रेलवे टी स्टाल के संचालक द्वारा भव्य भव्य स्वागत किया गया इस अवसर पर आरपीएफ के निरीक्षक एवं उप निरीक्षक भोला प्रसाद मेहरा आरपीएफ के नौजवान स्टेशन अधीक्षक इफ्तिखार अली पदम पांडे मुकेश पटेल श्रीमती चंद्रमुखी खेमरिया, टीकाराम साहेब साथ ही संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे इस अवसर पर आरपीएफ द्वारा नगर की समाजसेवियों एवं पत्रकारों का सम्मान भी किया गया इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार केसरी प्रसाद नामदेव मनीष मिश्रा आशीष साहू दीपक साहू शरद नेमा सहित अन्य विभागों के कर्मचारी भी मौजूद रहे आरपीएफ की इस रैली की पहल की सभी ने भूरी भूरी प्रशंसा की है। इस रैली के आयोजन के बाद पुलिस थाना प्रांगण गोटेगांव में वरिष्ठ समाजसेवियों एवं नगर के पत्रकार द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया।

# 275 रेल कर्मचारियों ने लगवाया बूस्टर डोज

**जबलपुर यश भारत।** मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में आयोजित निशुल्क बूस्टर डोज शिविर में लगभग 225 रेलवे स्टाफ ने उत्साह के साथ बूस्टर की डोज लगाकर स्वयं को कोरोना जैसी घातक बीमारी से सुरक्षित रखने हेतु कदम बढ़ाया। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ एस के मिश्रा ने बताया कि डीआरएम कार्यालय में आयोजित इस बूस्टर डोज शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने उपस्थित होकर इस बूस्टर को लगवाने में रुचि दिखाई। उल्लेखनीय है कि अपर मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता के निर्देशन पर चिकित्सा विभाग तथा जिला चिकित्सालय के समन्वय से मंडल में निरंतर बूस्टर डोज शिविर आयोजित हो रहे हैं।जिससे कि मंडल के अधिकांश कर्मचारियों को कोरोना जैसी बीमारी से सुरक्षित रखा जा सके।

# ग्राम श्रीनगर में बह रही है आध्यात्म की गंगा

**गोटेगांव, यशभारत।** नगर के समीपी ग्राम श्रीनगर में अवस्थी परिवार द्वारा संगीतमय साप्ताहिक श्री मद भागवत महापुराण का आयोजन किया जा रहा है जिसमें भागवत महापुराण का पंडित सुमेश तिवारी ग्राम गुरु जी के द्वारा ग्राम वासियों को भागवत जी का रसपान कराया जा रहा है इस संगीतमय साप्ताहिक श्रीमद् भागवत महापुराण के आयोजन करने वाले पंडित हरि शंकर अवस्थी एवं काशीबाई अवस्थी तथा अंबिका चरण



**ग्रामवासी भागवत महापुराण का रसपान कर रहे**

अवस्थी आशा अवस्थी द्वारा उक्त आयोजन को भव्य तरीके से मनाया जा रहा है संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण में भागवताचार्य पंडित सुमेश तिवारी द्वारा बड़े ही सरल तरीके से भगवान की कथा ग्राम वासियों को श्रवण कराई जा रही है इस आयोजन में ग्राम श्रीनगर वासी भी बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं यह आयोजन विगत 2 जुलाई से 8 जुलाई तक संपन्न की जा रही है जिसका समय दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक ग्राम वासियों को भागवत कथा ग्राम के गुरु जी द्वारा रसपान कराई जा रही है।

# शांतिपूर्वक तरीके से चल रहा मतदान

नरसिंहपुर यभाप्र। नगरीय निकाय आम चुनाव 2022 के अंतर्गत जिले के 8 नगरीय निकायों में आज प्रात: 7 बजे से मतदान प्रारंभ हो चुका है जो शाम 5 बजे तक चलेगा। आज सुबह से ही मतदान बूथों पर मतदाताओं की भारी भीड़ उमड़ी। हर मतदाता में अपना अमूल्य मत देने उत्साह दिखा। जिसके चलते बूथों पर सुबह से ही लंबी-लंबी कतारें लगी रहीं।

### नये युवा मतदाताओं में दिखा भारी उत्साह

जिले भर में नये युवा मतदाताओं में मतदान करने के लिए भारी उत्साह दिखा। सुबह से नये मतदाता मतदान करने के लिए बूथों पर पहुंचे जहां उन्होंने मतदान कर खुशी जाहिर की। जिले में नगरीय निकाय चुनाव के मतदान में एक लाख 85 हजार 463 मतदाता भाग ले सकेंगे, जिसमें महिला मतदाताओं की संख्या 91 हजार 294, पुरूष मतदाताओं की संख्या 94 हजार 157 व अन्य मतदाताओं की संख्या 12 है।

### जिले के 8 नगरीय निकायों के लिए 253

### मतदान केन्द्र

नगरीय निकाय चुनाव के तहत नरसिंहपुर जिले के 8 नगरीय निकायों के 142 वार्डों के लिए 253 मतदान केन्द्र बनाए गए थे। जिनमें नगरीय निकाय नरसिंहपुर के 28 वार्डों के लिए 71, करेली के 15 वार्डों के लिए 32, गाडरवारा के 24 वार्डों के लिए 60, गोटेगांव के 15 वार्डों के लिए 30, तेंदूखेड़ा के 15 वार्डों के लिए 15, सांईखेड़ा के 15 वार्डों के लिए 15, चीचली के 15 वार्डों के लिए 15 और सालीचौका के 15 वार्डों के लिए 15 मतदान केन्द्र बनाए गए थे। पार्षद पद के लिए नगर पालिका परिषद गाडरवारा में एक, नगर परिषद सांईखेड़ा में एक एवं नगर परिषद सालीचौका बाबईकलां में एक अभ्यर्थी निर्विरोध निर्वाचित हुये। इस तरह जिले के तीन नगरीय निकायों में तीन पार्षद निर्विरोध निर्वाचित हुए। पार्षद पद के लिए नगर पालिका परिषद नरसिंहपुर में 94, गाडरवारा में 71, गोटेगांव में 43 व करेली में 40 और नगर परिषद तेंदूखेड़ा में 37, चीचली में 41, सांईखेड़ा में 43 एवं सालीचौका बाबईकलां में 41 अभ्यर्थी समेत कुल 410 प्रत्याशी मैदान में हैं।

# रिमझिम फुहारों के बीच मतदाताओं में देखा गया जबरदस्त उत्साह









गोटेगांव– नगर में नगरी निकाय चुनाव 2022 मैं आज दिनांक 6 जुलाई 2022 को नगर पालिका परिषद गोटेगांव की चुनाव संपन्न होने जा रहे हैं इसी श्रंखला के तहत नगर में आज रिमझिम फुहारों के बीच मतदाताओं में मतदान करने का जबरदस्त उत्साह देखा गया गोटेगांव में नगरी निकाय की कुल 15 वार्डों में यह चुनाव हो रहे हैं जिसमें सभी वार्डों से लगभग 43 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं समाचार लिखे जाने तक आज दोपहर 12:00 बजे सभी मतदान केंद्रों पर लगभग 50 परसेंट से अधिक मतदान हो चुका है और शाम 5:00 बजे तक यह मतदान का प्रतिशत बढ़ने की आशा ही जताई गई है नगरी निकाय का मतदान शाम 5:00 बजे तक लगभग 70 से 75 परसेंट तक होने का अनुमान लगाया जा रहा है जिसमें युवाओं से लेकर महिलाएं एवं बुजुर्ग तक मतदान में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं अभी गोटेगांव के नेहरू वार्ड निवासी वयोवृद्ध श्री दया चंद जैन उम्र 95 वर्ष ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया समाचार लिखे जाने तक शांतिपूर्वक मतदान सुचारू रूप से केंद्रों पर चल रहा है

पुलिस की व्यवस्था भी चाक चौबंद रही सभी केंद्रों पर रख रही है पैनी नजर।एस डी ओ पी,नगर निरिक्षक के साथ नायब तहसीलदार संजय मसराम,मुख्य नगर पालिका अधिकारी डॉ साक्षी बाजपेयी सहित समूचा अमला मुस्तेद रहा।

### ईव्हीएम के बारे में भ्रामक वीडियो वायरल करने वालों पर होगा प्रकरण दर्ज

जबलपुर,यशभारत। बरेला के एक मतदान केंद्र में मतदान कर्मियों द्वारा ईव्हीएम की कन्ट्रोल यूनिट को बेलट यूनिट से जोड़कर चैक किये जाने का गलत तरीके से वीडियो बनाकर और उसे वायरल कर भ्रम फैलाने के मामले में दो व्यक्तियों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज कराया जा रहा है । उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर नम: शिवाय अरजरिया ने इस बारे में जानकारी देते हुये बताया कि दीपक विश्वकर्मा के ट्विटर हैंडल से बरेला निवासी अरविंद तिवारी का एक वीडियो मीडिया में वायरल हो रहा है । तत्सम्बन्ध में विधिक प्रावधान यह हैं कि मतदान कर्मी पोलिंग स्टेशन पर ईव्हीएम के कैरिंग केस खोलकर कंट्रोल यूनिट को बैलेट यूनिट से जोड़कर चैक कर सकते हैं। संबंधित मतदान केंद्र में मतदान कर्मी यही कार्य कर रहे थे । अरविंद तिवारी एवं उनकी टीम द्वारा इस प्रक्रिया का वीडियो बनाकर मीडिया पर गलत तरीके से वायरल किया गया है । उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान कर्मी ईव्हीएम मशीन में कंडीडेट सेक्शन नहीं खोल सकते ।इस प्रकरण की जांच में कंडीडेट सेक्शन पूर्ण रुप से सील बंद मिला है। उन्होंने वीडियो को भ्रामक बताते हुये कहा कि इसे वायरल कर भ्रम फैलाने वाले दोनों व्यक्तियों के विरुद्ध निर्वाचन नियमों के तहत प्रकरण दर्ज करने की कार्यवाही की जा रही है ।

# जबलपुर डिवीजन अंडर-16 बास्केटबाल टूर्नामेन्ट 2022 एस टी सी, जबलपुर दोनों वर्गों में विजेता बनी

**जबलपुर यशभारत।** म0प्र0 बास्केटबाल संघ के मार्गदर्शन तथा साई प्रशिक्षण केन्द्र (एस टी सी) जबलपुर और खेल एवं युवा कल्याण विभाग, जबलपुर के संयुक्त तत्वावधान में जबलपुर डिवीजन यूथ 16 बास्केटबाल टूर्नामेन्ट (बालक एवं बालिका) का समापन समारोह रामपुर, सेठीनगर स्थित इनडोर बास्केटबाल कोर्ट में आयोजित किया गया। टूर्नामेन्ट में एस टी सी, जबलपुर की टीम दोनों वर्गों में विजेता बनी । टूर्नामेन्ट के अंतिम दिन खेले गये बालक वर्ग के मैचों के परिणाम इस प्रकार रहे- नॉफ जबलपुर ने बालाघाट जिला 37-30, जबलपुर जा ने जबलपुर कारपोरेशन 42-39 तथा एस टी सी, जबलपुर ने जॉफ जवलपुर को 40-08 अंकों के अन्तर से पराजित किया। सायंकालीन सत्र में जबलपुर जिला एवं जॉफ जबलपुर के बालकों का मैच रोमांचकारी एवं संघर्षपूर्ण रहा। परन्तु मैच के अन्त में जबलपुर जिला ने जॉफ जबलपुर को 78-53



से पराजित किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि अंतर्राष्ट्रीय बास्केटबाल कोच अनिल अब्राहम द्वारा टीमों को पुरस्कृत किया गया। टूर्नामेन्ट को सफल बनाने में निर्णायक राकेश मिश्रा, अतुल बोबियल गगनदीप सिंह बरार, यश शर्मा, प्रमोद यादव जगजीत सिंह कलसी, श्रेया तिवारी, शिवानी बर्मनश्रुति सेन यशी सेन, का सहयोग सराहनीय रहा। संचालन कुलदीप सिंह बरार तथा श्रीराम तिवारी के नेतृत्व में किया गया।

### स्टेनो केडर के कर्मचारियों के लिए पदोन्नति के रास्ते खोले जाए

जबलपुर,यशभारत। मध्य प्रदेश स्टेनोग्राफर संघ संरक्षक रॉबर्ट मार्टिन जिलाध्यक्ष-हेमंत ठाकरे ने बताया कि प्रदेश के समस्त विभागों में कार्यरत स्टेनो केडर के कर्मचारी विभागों की असंवेदनावेदनशीलता के चलते एक ही पद पर सेवानिवृत हो रहे हैं. उन्हे आगे बढ़ने के अवसर प्राप्त नहीं हो रहे. कई विभागों मे तो निर्धारित समयमान वेतनमान नहीं मिलने से सम्मानजनक वेतन को भी तरस रहे कर्मचारी, जो की अत्यन्त खेद और भेदभाव जनक स्थिति है. जहा भारत के सविधान मे समानता के अधिकार का उल्लेख है वही घोर असमानता स्टेनोग्राफरो को दिये जा रहे वेतनमान में है. जहाँ कई वेतन आयोग और समितियां गठित हुई पर स्टेनो केडर के कर्मचारियों का लगातार आर्थिक शोषण जारी है. ना ही समस्त विभागों के स्टेनोग्राफर का वेतनमान समान है और ना ही निर्धारित समयमान वेतनमान समस्त विभाग मे एक सा दिया जा रहा उपर से पदोन्नति के सारे रास्ते भी विभागों ने बंद रखे हैं. जिससे स्टेनोग्राफर केडर मे कार्य करने वाले राज्य के कर्मचारियों मे घोर निराशा है और रोष व्याप्त है। माननीय मुख्यमंत्री महोदय जी से आग्रह है कि शीघ्र वित्त विभाग, सामान्य प्रशासन विभाग को स्टेनो केडर के कर्मचारियों की वेतन विसङती दूर करते हुए आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करने के लिए विभागों के भर्ती नियमो मे स्टेनोग्राफर से सहायक संचालक एवं उपसंचालक इत्यादि पदों मे पदोन्नति का प्रावधान किया जाए। बी.पी. पाठक, सत्यनारायण भागरे, जगदीश दीक्षित, अनूप सिंह मरकाम, मनोहर विश्वकर्मा, लक्ष्मीचन्द्र कुशवाहा, राजु डहेरिया, श्रीमती ममता साहू, श्रीमती गुरूशरण कौर, श्रीमती सरोजनी खान, संजय सिंह मरावी, महेन्द्र कुमार केवट, हेमेन्द्र कुमार केवट, विजय शंकर मिश्रा, गोपालदास डहेरिया, श्रीमती विजयलक्ष्मी, श्रद्धांजलि बर्मन, श्रीमती लता गरेवाल, पूजा त्रिपाठी, श्रीमती विनीता बेस, श्रीमती नलिनी मुदलियार, शिशुपाल मेहता ने मांग की है.

# जबलपुर होकर चलेगी दानापुर से बेंगलोरु के लिए स्पेशल ट्रेन

**जबलपुर यश भारत।** जबलपुर से दानापुर अथवा बेंगलोरु स्टेशन जाने के लिए यात्रियों की सुविधा के लिए रेल प्रशासन द्वारा दानापुर से बेंगलोरु के बीच जबलपुर होकर 24 कोच की दानापुर -बेंगलुरु एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जा रहा है।

इस संबंध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विश्वरंजन ने बताया कि दानापुर मंडल द्वारा आगामी 7 जुलाई को उक्त स्पेशल ट्रेन नंबर 03253 को दानापुर से शाम 18:10 बजे रवाना होकर 08 जुलाई को सुबह 06.00 बजे जबलपुर आयेगी।

यह गाड़ी बक्सर, दीनदयाल उपाध्याय स्टेशन, प्रयागराज, सतना, जबलपुर होकर इटारसी, नागपुर, विजयवाड़ा तथा काडपाडी होते हुए बेंगलुरु स्टेशन अगले दिन शाम 18:00 बजे पहुंचेगी।

वापसी में भी यह ट्रेन आगामी 10 जुलाई को बेंगलुरु स्टेशन से प्रात: 7:50 बजे चलकर उक्त मार्ग से होकर जबलपुर में शाम 16:40 बजे आकर दानापुर की ओर रवाना होगी।

श्री रंजन ने बताया कि दानापुर से बेंगलुरु के लिए उक्त सिंगल ट्रिप ट्रेन के लिए रेलवे द्वारा अग्रिम आरक्षण की व्यवस्था भी




की गई है अब यात्री अपनी सुविधा के अनुसार रेलवे काउंटर अथवा इंटरनेट के माध्यम से अपनी बर्थ वातानुकूलित श्रेणी अथवा शयनयान श्रेणी में अग्रिम आरक्षण करा सकते हैं।

### टिकिट जांच में 24 करोड़ रूपये की आय अर्जित करने का बनाया रिकार्ड

जबलपुर रेल मंडल में कोरोना के उपरांत यात्री गाड़ियों की संख्यो बढ़ने के साथ ही ट्रेनों में बिना टिकिट अथवा अनियमित टिकिट पर यात्रा करने वालों की संख्या भी बढ़ रही है। जिस पर अंकुश लगाने के लिए मंडल टिकिट चेकिंग उड़नदस्ते एवं टिकिट निरीक्षकों द्वारा निरंतर जांच अभियान चलाया जा रहा है।इस सम्बन्ध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विश्व रंजन ने बताया कि वाणिज्य विभाग ने अप्रैल से जून माह तक टिकिट चेकिंग में अनियमित यात्रियों को पक? कर उनसे 24 करो? 82 लाख रूपये से अधिक की राजस्व आय, 3 लाख 4 हजार यात्रियों को पकड़कर अर्जित की है। उल्लेखनीय है कि मंडल के टिकिट चेकिंग स्टॉफ ने जून में एक लाख 14 हजार प्रकरणों में 9 करोड़ 87 लाख रूपये का रिकार्ड राजस्व वसूल किया है। मंडल वाणिज्य प्रबंधक सुनील श्रीवास्तव ने बताया कि वाणिज्य विभाग द्वारा सघन जांच से रिकार्ड रेलवे आय अर्जित करने के साथ ही स्टेशन पर यात्री सुविधाओं, साफ सफाई, शुद्ध पेय जल, आदि के कार्य भी प्राथमिकता के साथ पूरे किये जा रहे है जिससे कि यात्री अपनी यात्रा मंडल में आरामदायक ढंग से पूर्ण करें।

# ऑटिज्म व मानसिक मंद बच्चों के विकास में अभिभावकों की है महत्वपूर्ण भूमिका

जबलपुर,यशभारत। ऑटिज्म और मानसिक मंद बच्चों के विकास में उनके अभिभावकों और परिजनों की महती भूमिका है। अत: अभिभावकों को प्रशिक्षित कर इनके विकास को गति दी जा सकती है। उक्त उद्गार राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रांत संघ चालक डॉ . प्रदीप दुबे ने सनराइज एकेडमी फॉर स्पेशल नीड चिल्ड्रन द्वारा आयोजित अभिभावक प्रशिक्षण कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए। कार्यक्रम अध्यक्ष व राज्य शिक्षा सलाहकार डॉ. श्रद्धा तिवारी ने कहा कि इन बच्चों की क्षमता का परीक्षण कर उनकी बुद्धिलब्धी के अनुसार विविध मनोवैज्ञानिक तकनीकों और साइको थेरेपी के द्वारा इनकी अंतर्निहित प्रतिभाओं को विकसित कर इन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ा जा सकता है। विषय विशेषज्ञ के रूप में अहमद सिद्दीकी दिल्ली, डॉक्टर सीतांशु लखनऊ,आदित्य तिवारी इंदौर के साथ ही जबलपुर से डॉ.राम नरेश पटेल,कविता शर्मा व संदीप साहू ने अभिभावकों का मार्गदर्शन किया। आयोजन में आर के नेमा, डॉ. एच.पी.तिवारी,विनोद कुमार कुलस्ते , उमेश सोनी,राशि जोश, अतुल ताम्रकार,पूनम ताम्रकार,विलास साहू,हरीश सिंह,जीवेश पांडे व सचिन खन्ना सहित बड़ी संख्या में विशेष शिक्षक, अभिभावक व बच्चे उपस्थित थे।

### पत्रकार नीरज सराफ को भातृ शोक



गोटेगांव, यशभारत। नगर के प्रतिष्ठित सराफा व्यापारी एवं अधिमान्य पत्रकार नीरज सराफ के अनुज भ्राता नीलेश सराफ का बीते दिवस अचानक हृदय गति रुक जाने के कारण निधन हो गया श्री नीलेश जैन 40 वर्ष के थे आप सहज एवं सरल मिलनसार व्यक्ति थे आप के असमय जाने से नगर मैं एवं नीलेश भाई के चाहने वालों में शोक का वातावरण देखा गया आप का अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम मैं किया गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में उपस्थित लोगों ने नम आंखों से नीलेश जैन को अंतिम विदाई दी।

# द्रविड़ और बुमराह की चूक पड़ी भारी



**बर्मिंघम ( एजेंसी )।** एजबेस्टन में भारतीय टीम के पास टेस्ट मैच जीतकर या ड्रॉ कराकर 15 साल बाद इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज जीतने का मौका था, लेकिन टीम इंडिया ऐसा नहीं कर पाई। पांच मैचों की सीरीज के आखिरी मुकाबले में भारत को सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा। इस हार के साथ ही भारत के सीरीज जीतने का सपना टूट गया और टेस्ट सीरीज 2-2 की बराबरी पर छूट गई। इंग्लैंड ने चौथी पारी में 378 रन के लक्ष्य का पीछा कर इतिहास बना दिया। भारतीय गेंदबाज दूसरी पारी में सिर्फ दो ही विकेट ले पाए। वहीं, एक बल्लेबाज रन आउट हुआ। भारत की इस हार के बाद कई सवाल खड़े हो रहे हैं। भारत के गेंदबाज लगातार विदेशों में टीम इंडिया को जीत दिला रहे थे, लेकिन इंग्लैंड के खिलाफ 378 रन के लक्ष्य का बचाव नहीं कर पाए। अब इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर डेविड लॉयड ने भारत की हार का कारण बताया है।

## अश्विन को न खिलाना पड़ा महंगा

डेविड लॉयड के अनुसार एजबेस्टन टेस्ट में भारतीय टीम चार तेज गेंदबाज और एक स्पिनर के साथ मैदान में उतरी थी। रवींद्र जडेजा टीम इंडिया के एकमात्र स्पिन गेंदबाज थे। उनकी बल्लेबाजी के चलते उन्हें अश्विन के ऊपर वरीयता दी गई थी, लेकिन इसी वजह से भारत यह मैच हार गया। लॉयड ने डेली मेल के लिए अपने कॉलम में लिखा मैंनें कभी नहीं सोचा था कि मैं ऐसा कहूंगा, लेकिन भारत एक अच्छे स्पिन गेंदबाज की कमी के चलते यह मैच हार गया। उन्होंने रवींद्र जडेजा को टीम में शामिल करके अपनी बल्लेबाजी मजबूत की थी। इंग्लैंड में वो एक स्पिनर के रूप में काफी तेज और सीधी गेंदबाजी करते हैं। लूप ड्रिफ्ट और स्पिन की वजह से विकेट मिलते हैं। अश्विन के अंदर ये क्षमता है, लेकिन भारत ने रक्षात्मक रवैया अपनाया और मैच हार गया। उन्होंने आगे लिखा कि जो रूट ने जिस तरह से रिवर्स स्वीप जैसे शॉट खेले वह अद्भुत था। रूट आमतौर पर टेस्ट में पारंपरिक अंदाज में बल्लेबाजी करते हैं। वो कम से कम जोखिम लेकर बल्लेबाजी करते हैं और लंबी पारियां खेलते हैं, लेकिन इस मैच में उन्होंने रिवर्स स्वीप और आगे बढ़कर भी बड़े शॉट लगाए। इंग्लैंड के नए कोच ब्रेंडन मैक्कुलम की रणनीति टीम के लिए काम कर रही है। इसी वजह से यह टीम 378 रन का बड़ा लक्ष्य हासिल कर पाई।

## इंग्लैंड के दिग्गज ने बताया क्यों हारा भारत




# महिला हॉकी विश्व कप में भारत को नहीं मिली पहली जीत, चीन से भी मैच ड्रॉ

## वंदना कटारिया ने फिर किया गोल

**मुंबई ( एजेंसी )।** महिला हॉकी विश्व कप में भारत को पहली जीत का इंतजार खत्म नहीं हुआ। ग्रुप-बी के अपने दूसरे मुकाबले में उसने चीन से ड्रॉ खेला। मंगलवार (पांच जुलाई) को नीदरलैंड के एम्स्टेल्विन में दोनों टीमों ने एक-एक गोल किया। इस तरह मैच 1-1 की बराबरी पर छूटा। भारत को अपने पहले मुकाबले में ओलंपिक कांस्य पदक विजेता इंग्लैंड के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेलना पड़ा था। चीन के खिलाफ मैच में वंदना कटारिया ने गोल किया। वंदना इंग्लैंड के खिलाफ भी गोल कर टीम इंडिया को हार से बचाया था। भारतीय टीम भले ही हार से बच गई, लेकिन उसके इस प्रदर्शन को निराशाजनक कहा जाएगा। रैंकिंग में टीम इंडिया आठवें और चीन 13वें स्थान पर है। भारत से मैच में ज्यादा गोल की उम्मीद थी, लेकिन चीन ने उसे बांधे रखा। अब टीम इंडिया को न्यूजीलैंड के खिलाफ बड़ी जीत हासिल करनी होगी। यह मुकाबला सात जुलाई को खेला जाएगा।

### भारत ने चार पेनल्टी कॉर्नर बर्बाद किए

दोनों टीमों के बीच मुकाबला बराबरी का रहा। भारत और चीन का पजेशन 50-50 फीसदी रहा। भारत को मैच में पांच कॉर्नर मिले, लेकिन वह सिर्फ एक पर गोल करने में कामयाब हो सका। चीन अपना इकलौता गोल फील्ड से किया। मैच ड्रॉ होने के बाद भारत के अब दो अंक हो गए। वह अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। चीन के भी दो अंक हैं। वह पहले पायदान पर है।

### चौथे क्वार्टर में देखने को मिली कड़ी टक्कर

मैच के आखिरी क्वार्टर में दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। भारत ने क्वार्टर शुरू होते ही लगातार हमले किए, लेकिन टीम को सफलता नहीं मिली। दूसरी ओर, चीन ने भी आखिरी मिनट तक प्रयास किया, लेकिन उसे भी सफलता नहीं मिली।

### तीसरे क्वार्टर में भारत ने किया गोल

भारतीय टीम ने तीसरे क्वार्टर में वापसी की। 44वें मिनट में स्टार खिलाड़ी वंदना कटारिया ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल किया। वंदना ने गुरजीत कौर के शॉट को गोलपोस्ट में डाल दिया।

### दूसरे क्वार्टर में चीन ने खोला खाता


चीन ने मैच में खाता दूसरे क्वार्टर में खोला। 25वें मिनट में झेंग जियाली ने पहला गोल दागा। दूसरे क्वार्टर में टीम इंडिया ने गोल करने के दो मौके गंवाए। उसे दो पेनल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन टीम एक को भी गोल में नहीं बदल पाई।

### पहले क्वार्टर में एक भी गोल नहीं

पहले क्वार्टर के शुरुआत में चीन ने तेजी दिखाई। उसने लगातार अटैक किए। भारतीय डिफेंडर्स ने बेहतरीन काम किया और उसे गोल करने से रोके रखा। भारतीय टीम ने भी आक्रामकता दिखाई। उसने चीन को दो-तीन बार परेशान किया, लेकिन गोल नहीं आ सका।

# मुंखबयार भारतीय पिस्टल टीम की विदेशी कोच बनीं

## राही सरनोबत को दे चुकी हैं प्रशिक्षण



**मुंबई ( एजेंसी )।** भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने मंगलवार को दो बार ओलंपिक पदक जीत चुकी निशानेबाज मुंखबयार दोर्जसुरेन को राष्ट्रीय पिस्टल टीम का मुख्य विदेशी कोच नियुक्त किया। दोर्जसुरेन को कोरिया के चांगवोन में नौ जुलाई से शुरू हो रहे आईएसएसएफ विश्व कप से पहले कोच पद के लिए चुना गया। पेरिस ओलंपिक की तैयारियों के लिए भारत शूटिंग की अलग-अलग स्पर्धाओं में विदेशी कोच नियुक्त कर रहा है। अनुभवी मुंखबयार मंगोलिया की रहने वाली हैं। उन्होंने 1992 बार्सिलोना और 2008 बीजिंग ओलंपिक दोनों में 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। मुंखबयार ने भारतीय निशानेबाज राही सरनोबत को भी प्रशिक्षित किया था, जिन्होंने 2018 एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता था। सरनोबत यह उपलब्धि हासिल करने वाली पहली भारतीय निशानेबाज बनी थीं। एनआरएआई के अधिकारियों के अनुसार, मुंखबयार को उनके अनुभवों, खेल की उनकी समझ और नवोदित निशानेबाजों के लिए एक शानदार संरक्षक के रूप में उनकी विश्वव्यापी प्रतिष्ठा के कारण नियुक्त किया गया था। एनआरएआई के महासचिव कंवर सुल्तान सिंह ने समाचार एजेंसी पीटीआई को बताया, %%मुंखबयार के पास अनुभव का खजाना है। हमने 2024 में अगले ओलंपिक खेलों को ध्यान में रखते हुए उन्हें एक दीर्घकालिक अनुबंध दिया है। एक विदेशी पिस्टल कोच नियुक्त करने का निर्णय एनआरएआई द्वारा राइफल स्पर्धा में थॉमस फार्निक को विदेशी कोच के रूप में नियुक्त करने के कुछ दिनों बाद आया। 1992 से 2012 तक लगातार छह ओलंपिक खेलों में भाग लेने वाले 55 वर्षीय फार्निक पहले ही भारतीय टीम में शामिल हो चुके हैं। उन्होंने मुख्य कोच जॉयदीप कर्माकर और सुमा शिरूर के साथ निशानेबाजों को प्रशिक्षण देना शुरू कर दिया हइसी तरह, भारतीय शॉटगन टीम में भी महान ऑस्ट्रेलियाई रसेल मार्क को विदेशी कोच के रूप में शामिल किया गया है। इसके अलावा मुख्य कोच विक्रम चोपड़ा और श्रेयन कपूर क्रमशः ट्रैप और स्कीट में शामिल हैं। 58 वर्षीय रसेल 1996 अटलांटा ओलंपिक में स्वर्ण पदक और 2000 सिडनी खेलों में रजत पदक विजेता हैं। उनके पास छह ओलंपिक में खेलने का अनुभव है। नए मुख्य राइफल कोच जॉयदीप कर्माकर ने कहा- बेहतरीन गुणवत्ता वाले विदेशी कोचों को नियुक्त करने का एनआरएआई का निर्णय इस बात को दर्शाता है कि भारत पेरिस में अगले ओलंपिक खेलों से पहले निशानेबाजी को कितनी गंभीरता से ले रहा है।





# लीजेंड्स क्रिकेट लीग में दिग्गजों की होगी मैदान पर वापसी

मुंबई (एजेंसी)। लीजेंड्स क्रिकेट लीग के दूसरे सत्र की घोषणा हो चुकी है। इस साल चार टीमें हिस्सा लेंगी और 110 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी खेलते नजर आएंगे। वीरेंद्र सहवाग, इरफान पठान और यूसुफ पठान जैसे भारत के पूर्व क्रिकेटर भी लीजेंड्स क्रिकेट लीग (एसएलसी) के दूसरे सत्र में खेलते दिखेंगे। पिछले सीजन में हिस्सा नहीं लेने वाले सहवाग ने कहा- मैं एलएलसी के पहले सत्र में नहीं खेल पाया था, लेकिन दूसरे सीजन के साथ क्रिकेट के मैदान पर वापसी करना शानदार होगा। सहवाग के अलावा पठान बंधुओं ने भी टूर्नामेंट में हिस्सा लेने की पुष्टि कर दी है। लीजेंड्स क्रिकेट लीग के आयुक्त पूर्व भारतीय कोच रवि शास्त्री ने कहा- लीजेंड्स के उत्सव की वापसी हो रही है। दुनिया भर के शीर्ष क्रिकेटर एक साथ खेलते हुए नजर आएंगे। टूर्नामेंट के पहले सीजन में भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटरों ने तीन टीम भारत, एशियाई और शेष विश्व का प्रतिनिधित्व किया था। इस बार इंडियन प्रीमियर लीग की शैली में चार फ्रेंचाइजी टीम हिस्सा लेंगी। एलएलसी के सीईओ रमन रहेजा ने कहा कि हम समय आने पर सारी जानकारी देंगे। फिलहाल हमारे पास 110 खिलाड़ी हैं, जिन्हें अगस्त की शुरुआत में ड्राफ्ट के जरिए चार टीमों में शामिल किया जाएगा। भारत के अलावा ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका के खिलाड़ी टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे। इस साल टूर्नामेंट 20 सितंबर से 10 अक्तूबर के बीच ओमान में होगा।

# अब शुरू हुए 'रॉकेट्री' के लिए स्कूली बच्चों के ग्रुप शोज

## मंगलवार को बढ़ा कलेक्शन




**मुंबई ( एजेंसी )।** सोमवार की गिरावट के बाद मंगलवार को निर्माता, निर्देशक और अभिनेता आर माधवन की फिल्म 'रॉकेट्री द नंबी इफेक्ट' ने फिर से अपने कलेक्शन में बढ़ोत्तरी दर्ज करनी शुरू कर दी है। देश के कई हिस्सों से इस फिल्म के लिए ग्रुप बुकिंग और स्कूली छात्रों के स्पेशल शोज भी होने शुरू हो गए हैं। फिल्म देखने वाले इस फिल्म को देश में टैक्स फ्री करने की मांग भी कर रहे हैं। फिल्म का कलेक्शन मंगलवार को बढ़ने का सीधा असर इसके साथ रिलीज हुई फिल्म 'राष्ट्रकवच ओम' और बीते हफ्ते की रिलीज 'जुग जुग जियो' के गिरते कलेक्शन पर दिख रहा है। इस बीच माधवन ने शुक्रवार से फिल्म के तमिल संस्करण के शोज बढ़ाने का वादा किया है।

### ओटीटी के लिए अभी करना होगा इंतजार

1 जुलाई को रिलीज हुई फिल्म 'रॉकेट्री द नंबी इफेक्ट' की रिलीज दक्षिण भारतीय फिल्म निर्माताओं की संस्था के लिए हाल में लिए गए फैसले के चलते ओटीटी पर 15 अगस्त के बाद ही संभव हो सकेगी। इस बीच फिल्म को देखने वाले दर्शकों की तादाद सोमवार को घटने के बाद मंगलवार को फिर से बढ़ने लगी है। फिल्म ने रिलीज के पहले वीकएंड में 8.75 करोड़ रुपये का अच्छा कारोबार किया था। सोमवार के अंतिम आंकड़ों के मुताबिक फिल्म ने सभी भाषाओं को मिलाकर करीब 1.30 करोड़ रुपये का कारोबार किया। फिल्म की तमिल संस्करण से करीब 50 लाख रुपये, हिंदी संस्करण से करीब 76 लाख रुपये और मलयालम संस्करण स करीब चार लाख रुपये की कमाई हुई।

# दो हजार रुपये तक पहुंची 'थॉर लव एंड थंडर' की आईमैक्स टिकट




**मुंबई ( एजेंसी )।** मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स (एमसीयू) की 29वीं फिल्म 'थॉर- लव एंड थंडर' की गुरुवार 7 जुलाई को होने वाली रिलीज का काउंटडाउन शुरू हो गया है। फिल्म की बॉक्स ऑफिस पर एडवांस बुकिंग धड़ल्ले से जारी है। फिल्म के टिकट रेट कुछ सिनेमाघरों में 1800 रुपये तक पहुंच चुके हैं। कई शहरों में फिल्म के शो गुरुवार के शो सुबह 6.30 बजे से तो कुछ चुनिंदा शहरों में पहला शो इससे भी पहले रात 12.15 बजे से शुरू हो जाएगा। मार्वल स्टूडियोज की ये फिल्म भारत में 'डॉक्टर स्ट्रेंज इन द मैडनेस ऑफ मल्टीवर्स' की सफलता को कायम रखने की उम्मीद बनाए हुए हैं, एमसीयू की इस पिछली फिल्म ने देश में 150 करोड़ रुपये से ज्यादा का कारोबार किया था। भारत में मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के प्रशंसकों की संख्या इसकी साल 2008 में रिलीज हुई पहली 'आयरमैन' के बाद से लगातार बढ़ती जा रही है। अब तक इस सीरीज की 28 फिल्में रिलीज हो चुकी हैं। फिल्म 'थॉर- लव एंड थंडर' इस कड़ी की 29वीं फिल्म है। मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स की ये कहानियां फिल्म दर फिल्म आगे बढ़ती रही हैं। इनके सोलो सुपरहीरो पहले अपनी अपनी कहानी को अपने अपने यूनिवर्स में आगे बढ़ाते रहे हैं। फिर ये सारे सुपरहीरो 'एवेंजर्स' सीरीज की फिल्मों में एक साथ आकर दुनिया को खतरों से बचाते रहे। फिल्म 'एवेंजर्स एंडगेम' के बाद रिलीज हुई फिल्म 'स्पाइडरमैन- फार फ्रॉम होम' के बाद से ये सीरीज फेज 4 में पहुंच चुकी है और इस फेज की अब तक पांच फिल्में रिलीज हो चुकी हैं। फिल्म 'थॉर- लव एंड थंडर' की एडवांस बुकिंग के मंगलवार की शाम तक उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक फिल्म ने अब तक करीब नौ करोड़ रुपये सिर्फ एडवांस बुकिंग से कमा लिए हैं। इनमें सबसे ज्यादा टिकटें अंग्रेजी संस्करण की करीब 6.50 करोड़ रुपये की बिकी हैं। इसके बाद फिल्म के हिंदी संस्करण की टिकटें करीब 2.25 करोड़ रुपये की बिक चुकी हैं। भारत में अब तक सबसे ज्यादा कमाई करने एमसीयू की फिल्म 'एवेंजर्स एंडगेम' रही है जिसने 2019 में 373.22 करोड़ रुपये की कमाई की थी। भारत में रिलीज होने वाली हॉलीवुड फिल्मों में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली पहली तीनों फिल्में एमसीयू की हैं।

# जब केष्टो मुखर्जी ने कुत्ता बनकर दिखाया तब मिला फिल्मों में काम



**मुंबई ( एजेंसी )** बॉलीवुड में एक से एक हास्य अभिनेता हुए हैं...जॉनी वॉकर, महमूद, राजेंद्रनाथ, टुनटुन, असरानी, जगदीप जैसे दिग्गज कलाकारों के बीच मोहन चोटी, मुकरी जैसे हास्य अभिनेता भी होते थे जिनका काम भले ही काम होता था लेकिन नाम उनका भी आज लिया जाता है...ऐसे ही कलाकारों में से एक थे केष्टो मुखर्जी...केष्टो शराबी की खास तरह की अदायगी के लिए जाने जाते थे...पर्दे पर उनकी शकल देखते ही दर्शक अपनी सीट से उछल पड़ते थे...फिल्मों में लड़खड़ाते शराबी का रोल करने वाले केष्टो असल जिंदगी में शराब को हाथ भी नहीं लगाते थे...केष्टो का जन्म सात अगस्त 1925 में कलकत्ता में हुआ था...शुरुआती दौर में वो नुक्कड़ नाटकों और रंगमंच में कलाकारी करते थे लेकिन धीरे-धीरे उनका रुझान फिल्मों की तरफ हुआ और निकल आए

# फिल्म बिंबिसार का ट्रेलर आउट

## खूंखार अंदाज में नजर आए नंदमुरी कल्याण राम

### दो समय की कहानी दिखाई जाएगी?



**मुंबई ( एजेंसी )।** यह ट्रेलर तेलुगू भाषा में रिलीज हुआ है। ट्रेलर के शुरुआत में एक बच्चे की आवाज सुनाई देती है, जो अपने पिता से प्रश्न करता है, %हम कहां जा रहे हैं? पिता उत्तर देते हैं, उस साम्राज्य में, जहां सम्राट बिंबिसार का साम्राज्य है। इसके बाद बिंबिसार के किरदार में कल्याण राम कहते सुनाई देते हैं, रावण की एक छवि राक्षसों ने कभी नहीं देखी। बिंबिसार डेथ वारंट का पर्यायवाची है। ट्रेलर में बिंबिसार के समानांतर एक और कहानी चलती नजर आ रही है, जिसमें एक आधुनिक नौजवान को दिखाया गया है। इसे देखकर लग रहा है कि यह फिल्म दो समयों की कहानी को पेश करेगी।

### दिखाए गए हैं शानदार इफैक्ट्स

ट्रेलर में अभिनेता कल्याण राम ड्यूल शेड्स में नजर आ रहे हैं। एक तरफ उन्हें एक क्रूर योद्धा के रूप में पेश किया गया है तो वहीं दूसरी तरफ वह एक आधुनिक समय के जोशीले नौजवान के रूप में नजर आ रहे हैं। मेकर्स ने ट्रेलर को इस अंदाज में बनाया है कि इसे देखकर फिल्म के प्रति उत्सुकता जागती है। ट्रेलर में कुछ सीन ऐसे हैं, जो राजा बिंबिसार के समय के साथ शुरू होते हैं और आधुनिक दुनिया पर आकर खत्म होते हैं। शायद यह फिल्म समय की यात्रा को दिखाने की कोशिश है। फिल्म का बैकग्राउंड म्यूजिक भी कमाल का है।

### दिखेगा कल्याण राम का एक्शन अवतार

कल्याण राम इसमें बिल्कुल अलग अंदाज में नजर आने वाले हैं। वह एक्शन करते नजर आएंगे। ट्रेलर के आखिरी दृश्य में बिंबिसार के किरदार को मांस भक्षण करते हुए दिखाया गया है और उसके सामने तालाब में एक मगरमच्छ को, यह दृश्य दर्शकों पर अलग ही प्रभाव डालता है। बता दें कि इस फिल्म के ट्रेलर का दर्शक दिल थामकर इंतजार कर रहे ते। ट्रेलर के लॉन्च होने का एनटीआर आर्ट्स के ट्विटर हैंडल पर पल-पल की अपडेट दी जा रही थी। जैसे ही ट्रेलर लॉन्च हुआ इसकी जानकारी भी इस ट्विटर हैंडल पर साझा की गई। साथ ही, इसके यूट्यूब लिंक को पिन ट्वीट में सेट किया गया है।

# रिलीज के एक दिन बाद ही ट्रेंड कर रहा सपना का नया गाना

### लगातार चार हिट नंबर्स से जीता फैंस का दिल

**मुंबई ( एजेंसी )।** हरियाणा की डांसिंग क्वीन सपना चौधरी अपने गानों के चलते अक्सर ही सुर्खियों में बनी रहती हैं। सपना की पहचान अब हरियाणा ही नहीं पूरे देश में हैं। उनके गाने लोगों को डांस करने के लिए मजबूर कर देते हैं। हाल ही में सपना चौधरी के नए गाने %नाच की तोल% ने रिलीज के बाद से ही धमाल मचा दिया है। एक दिन में ही गाने को लाखों व्यूज मिल गए हैं और अब ये ट्रेंड भी करने लगा है।

इस गाने को फैंस काफी पसंद कर रहे हैं और रील बनाकर सपना चौधरी को टैग भी कर रहे हैं। सपना भी उन्हें शेयर कर अपना प्यार दिखा रही हैं। रिलीज के एक दिन बाद ही यह गाना यूट्यूब पर 33वें नंबर पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, इसे अभी तक 1.6 मिलियन व्यूज मिल चुके हैं, जिनका बढ़ने का सिलसिला जारी है। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि फैंस को यह गाना कितना पसंद आ रहा है। इस गाने के बोल प्रेम जांगड़ा ने लिखे हैं।




वहीं, इस गाने में सपना चौधरी भरत नेगी के साथ दिखाई दी हैं। दोनों की जोड़ी ने इस गाने को और भी धमाकेदार बना दिया है और उनकी केमिस्ट्री काफी बढ़िया लग रही है। गाने में सपना का लुक भी काफी कातिलाना है। कभी वह पिंक शिमर लहंगे में दिखीं तो कभी वह ग्रीन कलर के आउटफिट में



कहर ढा रही थीं। बता दें कि बीते एक महीने में सपना चौधरी का यह चौथा गाना रिलीज हुआ है, जिसे दर्शकों ने काफी पसंद किया है। इससे पहले सपना के तीन गाने सोने की तगड़ी, हरियाणा के पापी और चक्की नीचे भूत को फैंस का खूब प्यार मिला था। वहीं, अब नाच की तोल को भी दर्शक बहुत पसंद कर रहे हैं।



पनागर में 97 साल की गेंदाबाई को वोट डालने बोरे पर बैठाकर पहुंचे परिजन। फोटो- नितिन गौतम



ब्रम्हचारी सुबुद्धानंदजी सरस्वती महाराज पहुंचे मतदान करने बगुला मुखी सिद्ध पीठ के अन्तर्गत भवानी प्रसाद तिवारी वार्ड



जानकी रमण कालेज में मप्र पर्यटन निगम के अध्यक्ष विनोद गोटिया ने वोट डाला



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन ने सपत्नीक ने वोट डाला



स्वामी अखिलेश्वर नंद ने सरस्वती स्कूल में वोट डाला

## सुबह 7 बजे मतदान केंद्रों में पसरा सन्नाटा, दोपहर में लग गईं कतारें

# नगर सत्ता हेतु दोपहर 3 बजे तक लगभग 49 प्रतिशत वोटिंग

जबलपुर, यशभारत। नगर सत्ता और नगर परिषद चुनाव को लेकर बरेला, भेड़ाघाट, पनागर और सिहोरा सुबह 7 बजे शुरू हुए मतदान में शहर में वोट का प्रतिशत दोपहर तक बहुत कम था। जबकि भेड़ाघाट में बंफर वोटिंग हुई। समाचार लिखे जाने तक दोपहर 3 बजे तक लगभग 49 प्रतिशत मतदान शहर में हुआ जबकि ग्रामीण क्षेत्रों नगर परिषद में 70 से 80 प्रतिशत मतदान की खबर है।

### सुबह 9 बजे मतदान

जबलपुर में सुबह 9 बजे 8 प्रतिशत ही मतदान हुआ है जिसमें पुरूष से ज्यादा महिलाएं मतदान करने घर से निकली। 9 प्रतिशत महिलाएं मतदान के लिए निकली तो वहीं पुरूष 8 प्रतिशत मतदान करने पहुंचे। इसी तरह बरेला, भेड़ाघाट, पनागर और सिहोरा नगर परिषद में सुबह 7 से 9 बजे तक 13 प्रतिशत मतदान हुआ है। वोट डालने में सबसे ज्यादा रूचि सुबह से बरेला और भेड़ाघाट के लोगों ने दिखाई है। बरेला में सुबह 22 प्रतिशत से ज्यादा तो भेड़ाघाट में 28 प्रतिशत से ज्यादा मतदान हुआ है जबकि सिहोरा और पनागर के लोग सुबह मतदान करने कम संख्या में पहुंचे।

### सुबह 11 बजे मतदान-

नगरीय निकाय चुनाव का मतदान रिमझिम बारिश के बीच जारी है। मतदान को लेकर भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। परशुराम वार्ड में सबसे उम्रदराज 94 साल की महिला ने वोट डालकर लोगों को प्रेरित किया। इधर सुबह 11 बजे तक पनागर- 37 प्रतिशत, सिहोरा 33, बरेला-42 और भेड़ाघाट में 55 प्रतिशत मतदान हो चुका है। भेड़ाघाट में मतदान को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है बरेला में भी 42 प्रतिशत मतदान हुआ।



केण्ट विधायक अशोक रोहाणी ने परिवार समेत साइंस कालेज में वोट डाला

### दोपहर 1 बजे मतदान

जबलपुर, यशभारत। सुबह से दोपहर तक नगर परिषद के क्षेत्रों में मतदान को लेकर लोगों में उत्साह देखा गया लेकिन जबलपुर में यह नजर नहीं आया। दोपहर तक 30. 4 प्रतिशत मतदान जबलपुर नगरपालिका का रहा है। पनागर- 57.3 प्रतिशत, सिहोरा 57.3 , बरेला-57.7 और भेड़ाघाट में 71.5 प्रतिशत मतदान हो चुका है। भेड़ाघाट में मतदान को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है बरेला में भी अच्छा मतदान हो रहा है।



### दोपहर-3 बजे तक मतदान

जबलपुर में सुबह के बाद दोपहर में मतदान का प्रतिशत बढ़ा। दोपहर 3 बजे तक करीब 49 प्रतिशत मतदान हुआ। इसी तरह बरेला, भेड़ाघाट, पनागर और सिहोरा नगर परिषद में भी 70 से 80 प्रतिशत मतदान होने की खबर है। फोटो- अशोक बर्मन/बबलू/हंसराज



### मतदान से पहले रूठ गई पत्नी

नगरी निकाय चुनाव में वोटिंग से पहले पत्नी पति से रूठ गई। हालांकि काफी मनाने के बाद पत्नी ने अपने प्रत्याशी को चुन लिया। किस्सा जबलपुर के नगर निगम के वार्ड क्रमांक 63 भगत सिंह वाडज़ का है। जहां प्रशासन की चूक से एक ही घर में रहने वाले पति पत्नी ने अलग-अलग पार्षद प्रत्याशी के लिए मतदान किया। मतदाता विजय साहू के मुताबिक उनका निवास भगत सिंह वार्ड में इसके पूवज़ में भी पति पत्नी दोनों एक साथ जाकर वोटिंग कर नगर सरकार को चुनते हुए आए हैं। लेकिन प्रशासनिक चूक के कारण उनकी पत्नी आकांक्षा साहू का नाम अलग कर अन्य वार्ड महर्षि सुदर्शन वार्ड में डाल दिया गया। जबकि पति का नाम भगत सिंह वार्ड में था।



### पनागर के बूथों में अंदर तक खड़े थे प्रत्याशी

पनागर के विद्यासागर और प्रताप वार्ड के बूथ में मतदाताओं को प्रत्याशी वोट डलवाने के लिए बूथ के अंदर तक घुस आए। काफी विरोध के बाद प्रत्याशी बाहर निकलें।



स्मार्ट सिटी की सीईओ निधि सिंह राजपूत ने भी वोट डाला



भाजपा के प्रदेश सचिव आशीष दुबे ने मताधिकार का प्रयोग किया

## कलेक्टर -एसपी ने किया निरीक्षण




नगरीय निकाय चुनाव 2022 के प्रथम चरण में आज बुधवार को हो रहे मतदान का जायजा लेने कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी और एसपी सिद्धार्थ बहुगुणा ने संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर पहुंचकर व्यवस्थाएं देखी और मौके पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आदेशित किया कि मतदान केन्द्र के अंदर एजेन्ट मोबाईल नहीं रखेंगे, मतदान करने वाला मतदाता भी मतदान केन्द्र के अंदर मोबाईल लेकर नहीं जावेगा। 100 मीटर के दायरे में अनावश्यक खड़े लोगों को तत्काल हटाया जाये, यदि मतदाता द्वारा मतदान कर लिया गया है तो घर जाने को कहा जाये, मतदान केन्द्र के आसपास अनावश्यक किसी भी प्रकार का कोई जमावड़ा नहीं होना चाहिये। 200 मीटर दायरे के पश्चात ही एजेन्ट की कुर्सी टेबिल लगी हो सुनिश्चित करें।




























स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )